CMYK

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# लोकशक्ति

RNI Regn. No.7789/1964

वर्ष-60 > अंक -355 रायपुर शुक्रवार 20 दिसंबर 2024 विक्रम संवत 2081 डाक पंजीयन : C.G./RYP DN/71/2023-25



वित्त वर्ष 2024-25 की अप्रैल-अक्टूबर अवधि के दौरान कोयले के आयात में 3.1 प्रतिशत की उल्लेखनीय कमी आई



फ्रांस के पूर्व राष्ट्रपति निकोलस सरकोजी की बढ़ी मुश्किलें, भ्रष्टाचार के मामले में मिली जेल की सजा

## 'राहुल गांधी मेरे काफी करीब आए और चिल्लाने लगे', नगालैंड की भाजपा सांसद कोन्याक का आरोप

# राहुल गांधी ने सांसदों पर किया हमला: भाजपा

## महिला भाजपा सांसदों के खिलाफ बल प्रयोग , राहुल के खिलाफ एफआईआर दर्ज

### शिवराजसिंह बोले, संसद के इतिहास का ये काला दिन है-

एजेंसी

संसद परिसर में आज सुबह के वक्त हुई धक्का-मुक्की के चलते बालासोर उड़ीसा से सांसद प्रताप सारंगी घायल हो गए. उन्होने आरोप लगाते हुए कहा कि राहुल ने एक सांसद को धक्का दियाए जो उनके ऊपर गिरा. श्री सारंगी जब मीडिया के सामने आए उस वक्त उनके सिर से खून निकल रहा था. सारंगी के अलावा फर्रुखाबाद के भाजपा सांसद मुकेश राजपूत को भी चोट आई है, जिन्हे हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। इस मामले को लेकर भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर व बांसुरी स्वराज ने राहुल के खिलाफ एफ आईआर दर्ज कराई है।

इस बीच राज्यसभा में सरकार ने राहुल गांधी पर गंभीर आरोप लगाए। नगालैंड की भाजपा सदस्य फान्गनॉन कोन्याक् ने आरोप लगाया कि वह जब संसद के मकर द्वार के पास अन्य सांसदों के साथ प्रदर्शन कर रही थीं तो लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी उनके काफी समीप आ गए और उन पर चिल्लाने लगे।







भारतीय जनता पार्टी के सांसद प्रताप सारंगी और मुकेश राजपूत गुरुवार को संसद भवन की सीढ़ियों से गिर कर चोटिल हो गए।



उन्होंने सभापति जगदीप धनखड़ को पत्र लिखकर कहा कि राहुल ने उनके साथ अभद्र व्यवहार किया। उन्होंने मेरे मान-सम्मान को ठेस पहुंचाई है। उन्होंने आगे कहा कि विपक्ष के नेता करीब आए और मुझे यह पसंद नहीं आया और उन्होंने चिल्लाना शुरू कर दिया। आज जो कुछ भी हुआ, वह बहुत दुखद है, ऐसा नहीं होना चाहिए। मैंने सभापति से भी शिकायत की है।

**महिला भाजपा सांसदों के खिलाफ बल प्रयोग करने का आरोप** - इससे पहले राज्यसभा में सदन के नेता जेपी नड्डा ने संसद परिसर में भाजपा सांसदों के साथ राहुल गांधी के आचरण की निंदा की। केंद्रीय मंत्री नड्डा और किरेन रिजिजू ने राहुल गांधी पर संसद के प्रवेश द्वार पर महिला भाजपा सांसदों के खिलाफ बल प्रयोग करने का आरोप लगाया। भाजपा ने उनसे माफी की मांग की।

**राज्यसभा की कार्यवाही स्थगित**

संसद में सत्ता पक्ष और विपक्ष के सदस्यों की ओर से एक दूसरे पर लगाए गए धक्का-मुक्की के आरोपों पर हंगामे के कारण राज्यसभा की बैठक दो बार स्थगित करनी पड़ी। पहले सदन की कार्यवाही शुरू होते ही इसे दोपहर दो बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया। इसके बाद दोपहर दो बजे जब सदन की कार्यवाही शुरू हुई तो कुछ ही देर बाद पूरे दिन के लिए स्थगित करना पड़ा।

## छत्तीसगढ़ शीतकालीन सत्रः 805 करोड़ का अनुपूरक बजट ध्वनिमत से पारित



संवाददाता, रायपुर.

छत्तीसगढ़ विधानसभा के शीतकालीन सत्र के तीसरे दिन की कार्यवाही जारी है. आज वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए दूसरा अनुपूरक बजट पारित किया गया. 805 करोड़ रुपए से ज्यादा का यह अनुपूरक बजट ध्वनिमत से पारित हुआ. वहीं भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने डीएमएफ मद से दंतेवाड़ा में कोरकोट्टी सड़क निर्माण और हिरोली सड़क हेल्थ सेंटर से कैंप तक की सड़क को लेकर सवाल पूछा. संतुष्टिपूर्ण जवाब नहीं मिलने पर अजय चंद्राकर और मंत्री विजय शर्मा के बीच नोंकझोंक हो गई. चंद्राकर के सवाल पर विजय शर्मा घिर गए. मंत्री के जवाब को लेकर विपक्ष ने भी सदन में हंगामा किया. शून्यकाल में पर्यावरण प्रदूषण का मुद्दा उठा जिसमें नेता प्रतिपक्ष ने खनन और परिवहन में पर्यावरण प्रदूषण पर स्थगन प्रस्ताव दिया. गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि प्रश्न महत्वपूर्ण व लाजमी है. इस पर पिछले 5 वर्षों में कुछ नहीं हुआ. लेकिन आपके ध्यानाकर्षण के बाद इस काम को जरूर किया जाएगा. भाजपा विधायक राजेश मूणत ने हमर क्लीनिक निर्माण के लिए खर्च राशि का मुद्दा उठाया. उन्होंने कहा कि आखिर भवन निर्माण के लिए राशि की क्या व्यवस्था की गई है.

### मुख्यमंत्री योगी ने सुशासन सप्ताह का किया शुभारंभ, बोले- सुशासन का प्रतीक माने जाते हैं अटल जी



**एजेंसी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सुशासन सप्ताह का शुभारंभ किया। इस मौके पर उन्होंने प्रदर्शनी का उद्घाटन व अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि अटल जी ने देश की राजनीतिक अस्थिरता को स्थिरता में बदला। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अटल जी सुशासन का प्रतीक माने जाते हैं। राजनीतिक अस्थिरता को स्थिरता में बदलना, सुशासन के लक्ष्यों को प्राप्त करना, देश के अंदर अंत्योदय की योजना, हर गरीब-वंचित को अधिकार मिले, अंत्योदय कार्ड-राशन उपलब्ध कराने की कार्रवाई हो, प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना, अनुसूचित जाति-जनजाति या पिछड़े वर्ग को उनका अधिकार दिलाने के साथ ही स्वर्णिम चतुर्भुज, विश्व स्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर व हाईवे अटल जी की देन है।

# अंतरराष्ट्रीय क्षेत्र में एक प्रभावी तकनीकी नेतृत्व प्राप्त करेगा भारत : राजनाथ सिंह

एजेंसी

रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह ने वैज्ञानिकों और इंजीनियरों से अत्याधुनिक नवाचार में भारत की स्थिति सशक्त करने के लिए उच्च तकनीक में विशेषज्ञता हासिल करने का आह्वान किया

÷विघटनकारी तकनीक में प्रगति हासिल करने के लिए उद्योग, अनुसंधान एवं विकास संगठनों और शिक्षाविदों के बीच बेहतर मौलिक संबंध स्थापित करने की आवश्यकता है÷

भारत एक निर्णायक समय से गुजर रहा है; यह जल्द ही रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह ने वैज्ञानिकों और इंजीनियरों से बदलते समय के साथ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और क्वांटम कंप्यूटिंग जैसी उच्च-स्तरीय तकनीकों पर नियंत्रण हासिल करने का आह्वान किया है, जिसका उद्देश्य उन्नत, अग्रणी और अत्याधुनिक नवाचार के क्षेत्र में भारत की स्थिति को और मजबूत करना है। श्री सिंह 19 दिसंबर, 2024 को आईआईटी



दिल्ली में भारतीय राष्ट्रीय इंजीनियरिंग अकादमी के वार्षिक सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे।

रक्षा मंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि ये विशिष्ट प्रौद्योगिकियां आने वाले समय में लगभग हर क्षेत्र को बड़े पैमाने पर प्रभावित करने वाली हैं। उन्होंने कहा कि अभी हम शुरुआती चरण में हैं। हमारा उद्देश्य सबसे पहले इन प्रौद्योगिकियों पर नियंत्रण हासिल करना होना चाहिए, ताकि भविष्य में इनका उपयोग लोगों के कल्याण के लिए किया जा सके और उनकी तत्काल बुनियादी आवश?यकताओं को पूरा किया जा सके।

श्री राजनाथ सिंह ने कहा कि दुनिया निरंतर विकसित हो रही है और रक्षा क्षेत्र इस परिवर्तन से बचा नहीं रह सकता। उन्होंने कहा कि पहले कुछ कारणों से भारत आधुनिक हथियारों और तकनीक के मामले में पीछे रह गया था, लेकिन प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत अभूतपूर्व गति से रक्षा में आत्मनिर्भरता की ओर तीव्र गति से अग्रसर है।

रक्षा मंत्री ने कहा कि आधुनिक युद्धकला में तेज गति से बदलाव हो रहा है, इसलिए उच्च तकनीक अपनाने की जरूरत है। इस दिशा में हमने युवाओं की प्रतिभा को सामने लाने के लिए रक्षा उत्कृष्टता के लिए नवाचार (आईडीईएक्स) और प्रौद्योगिकी विकास निधि (टीडीएफ) जैसी योजनाएं शुरू की हैं, जिसके माध्यम से उनके साथ-साथ देश के सपने भी साकार हो सकते हैं।

श्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत एक निर्णायक दौर से गुज़र रहा है और वह कभी आयात किए जाने वाले हथियारों का भी आज निर्यात कर रहा है। उन्होंने इस क्रांतिकारी परिवर्तन का श्रेय सार्वजनिक और निजी क्षेत्रों, शिक्षाविदों और इंजीनियरों और नवोन्मेषकों के सामूहिक प्रयासों को दिया और विश्वास जताया कि देश जल्द ही वैश्विक क्षेत्र में एक सशक्त तकनीकी बढ़त हासिल कर लेगा।

### धक्कामुक्की कांड पर कांग्रेस की सफाई पर बीजेपी का काउंटर अटैक, पूछा- अब गुंडे संसद जाएंगे?

केंद्रीय मंत्री शिवराज चौहान ने कहा कि मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी ने अभी प्रेस कॉन्फ्रेंस की। हमें लगा कि वे आज की घटना पर माफी मांगेंगे। लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया। मुझे समझ नहीं आया कि उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस क्यों की। उनकी प्रेस कॉन्फ्रेंस में उनका अहंकार झलक रहा था। मैं उनका व्यवहार देख रहा था। लेकिन आज उन्होंने (राहुल गांधी) जो किया वह सभ्य समाज के लिए अकल्पनीय है। आज जब भाजपा सांसद मकर द्वार पर विरोध कर रहे थे, तो राहुल गांधी वहां आ गए। सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें अंदर जाने के लिए दूसरी जगह का इस्तेमाल करने को कहा। लेकिन वे जानबूझकर वहां आए। उस प्रेस कॉन्फ्रेंस में भी उनका अहंकार झलक रहा था। आज मेरा मन भारी है, व्यथित है, पीड़ा से भरा हुआ है। मैं एक दर्जन बार लोकसभा और विधानसभा का सदस्य रहा हूं।



भाजपा के सांसद अनुराग ठाकुर और बांसुरी स्वराज ने पार्टी सदस्यों के साथ नई दिल्ली में शीतकालीन सत्र के दौरान संसद में विपक्षी नेताओं के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया।




भाजपा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने नई दिल्ली में शीतकालीन सत्र के दौरान पार्टी सांसदों के साथ एक तख्ती लेकर विरोध प्रदर्शन किया।

### ट्रंप की टैरिफ धमकियों के बीच कनाडा ने किया नई सीमा सुरक्षा योजना का ऐलान



**ओटावा एजेंसी।** अमेरिका सरकार अमेरिका के नव-निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ धमकी के बाद कनाडा की संघीय सरकार ने सीमा सुरक्षा और इमिग्रेशन सिस्टम को मजबूत करने के लिए एक नई योजना का ऐलान किया है।

हाल ही में ट्रंप ने घोषणा की कि वह जनवरी में अपने पदभार ग्रहण करने के पहले दिन ही ऐसे आदेशों पर हस्ताक्षर करेंगे, जिसके तहत मेक्सिको और कनाडा से आने वाले सभी सामानों पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाया जाएगा। यह तब तक लागू रहेगा जब तक कि वे अपने देशों से अमेरिका में अवैध अप्रवासियों और ड्रग्स, खास तौर से फेंटानाइल के प्रवाह को न रोक दें।

पब्लिक सेफ्टी कनाडा के बयान के मुताबिक, नई योजना में जो प्रमुख बातें है, उनमें - फेंटेनाइल तस्करी का पता लगाना और उसे बाधित करना, कानून प्रवर्तन के लिए नए उपकरण, परिचालन समन्वय को बढ़ाना, सूचना साझाकरण को बढ़ाना शामिल हैं। सोमवार के आर्थिक वक्तव्य में, संघीय सरकार ने अमेरिका-कनाडा सीमा सुरक्षा को मजबूत करने के लिए छह वर्षों में 1.3 बिलियन कनाडाई डॉलर (907 मिलियन अमेरिकी डॉलर) निर्धारित किए। इससे पहले कनाडा के सार्वजनिक सुरक्षा मंत्री लेब्लांक को सोमवार को देश का नया वित्त मंत्री नियुक्त किया गया। शपथ ग्रहण समारोह के बाद उन्होंने कहा कि उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता कनाडाई लोगों के लिए महंगाई को कम करना और संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ रिश्तों को मजबूत करना होगी। लेब्लांक कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के निजी मित्र हैं। 57 वर्षीय न्यू ब्रंसविक सांसद, पूर्व गवर्नर-जनरल रोमियो लेब्लांक के बेटे हैं।

## पिछले 7 वर्षों में भारतमाला परियोजना के तहत 18,714 किलोमीटर राजमार्गों का हुआ निर्माण : गडकरी

नई दिल्ली एजेंसी।

संसद में दी गई जानकारी के अनुसार, भारतमाला परियोजना के तहत 31 अक्टूबर, 2024 तक कुल 26,425 किलोमीटर लंबाई वाली राजमार्ग परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है और 18,714 किलोमीटर लंबाई वाले राजमार्गों का निर्माण किया गया है।

भारतमाला परियोजना को भारत सरकार ने 2017 में मंजूरी दी थी, जिसमें देश में कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने और लॉजिस्टिक लागत को कम करने के लिए 34,800 किलोमीटर की लंबाई वाले राजमार्गों का निर्माण शामिल है।



सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने राज्यसभा में एक लिखित जवाब में कहा कि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने इस साल 30 अक्टूबर तक भारतमाला परियोजना के तहत 4.72 लाख करोड़ रुपये का निवेश किया है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि बंदरगाह और तटीय संपर्क सड़क श्रेणी के तहत, 424 किलोमीटर लंबाई वाली 18 परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है और अब तक 189 किलोमीटर का निर्माण किया गया है।

## सेना को मिलेगा स्वदेशी रक्षा कवच, दुश्मन की गोली भी नहीं भेद पाएगी

एजेंसी

अभेद्य' का मतलब ही होता है जिसे भेदा ना जा सके. सच कहें तो अब भारतीय सैनिकों को दुश्मन की गोली छू भी नहीं सकेगी। ऐसा बुलेटप्रूफ जैकेट भारतीय सेना के लिए तैयार किया जा चुका है. खास बात यह है कि यह पूरी तरह से स्वदेशी है. भारतीय सैनिकों की जरूरतों को पूछकर ही बनाया गया है. इसका नाम ABHED (एडवांस्ड बैलिस्टिक फ़ॉर हाई एनर्जी डिफीट) है। DRDO और IIT दिल्ली ने मिलकर इस बुलेटप्रूफ जैकेट को बनाया है. खास बात यह है कि वजन में यह इतनी हल्की है कि उसे आसानी से सैनिक पहन सकते हैं और किसी भी ऑपरेशन को अंजाम दे सकते हैं.



**अभेद्य की खासियत**

वजन में हल्का होना इसकी सबसे बड़ी खासियत है. इसका वजन 8.2 किलो से 9.5 किलो के बीच है. अलग अलग बैलिस्टिक के लिए अलग अलग जैकेट है. इस जैकेट से स्टील बुलेट को भी रोका जा सकता है. यह मॉड्यूलर-डिज़ाइन जैकेट है. यह सामने और पीछे के आर्मर के साथ 360 डिग्री सुरक्षा प्रदान करते हैं. यह जैकेट पॉलिमर और स्वदेशी बोरॉन कार्बाइड सिरेमिक सामग्री से बनाया गया है. आर्मर प्लेट प्रोटोकॉल के तहत सभी जरूरी परीक्षणों से गुजरने का बाद ही सेना ने इसे चुना है।

कानून | भाजपा ने बनाई नई रणनीति

# समान नागरिक संहिता : संसद से नहीं विधानसभा से होगा लागू

### समान नागरिक संहिता के लिए BJP ने बनाई नई रणनीति

नई दिल्ली. एजेंसी।

भारतीय जनता पार्टी ने राम मंदिर, अनुच्छेद 370 को हटाने व समान नागरिक संहिता जैसे मुद्दों को अपने राजनीतिक एजेंडे में शामिल किया था. सुप्रीम कोर्ट के जरिए अयोध्या में राम मंदिर बनाने का रास्ता साफ हुआ. मोदी सरकार ने संसद के जरिए अनुच्छेद 370 को खत्म किया. संसद से ही एक देश, एक चुनाव की दिशा में भी कदम बढ़ाए गए हैं. अब समान नागरिक संहिता को लागू करने की प्रक्रिया को लेकर भाजपा ने एक नई रणनीति बनाई है. भाजपा इस मुद्दे को संसद के बजाय राज्य विधानसभा के माध्यम से आगे




बढ़ाने की योजना पर काम कर रही है. इस बारे में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राज्यसभा में अपने बयान के माध्यम से संकेत दिए थे.

केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने राज्यसभा में संविधान पर चर्चा करते हुए समान नागरिक संहिता के महत्व को स्पष्ट किया. उन्होंने कहा कि अनुच्छेद 44 के तहत हमारा संविधान समान नागरिक संहिता की बात करता है. लेकिन यह अभी तक देश में लागू नहीं हो पाया है. इसके लिए उन्होंने कांग्रेस को दोषी ठहराते हुए कहा कि देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने मुस्लिम पर्सनल लॉ लागू किया था. कांग्रेस ने तुष्टिकरण की राजनीति शुरू कर दी थी. अमित शाह ने यह भी कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने कई बार समान नागरिक संहिता लागू करने की बात की है लेकिन कांग्रेस ने हर बार इसे टाल दिया. उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि उत्तराखंड में भाजपा सरकार ने यूसीसी को लागू किया है.

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी इस मुद्दे पर कई बार अपनी राय दी है. उन्होंने संविधान पर चर्चा के दौरान सेकुलर सिविल कोड के संवैधानिक महत्व की बात की और संकेत दिए कि सरकार समान नागरिक संहिता लाने की दिशा में काम कर रही है. उन्होंने 15 अगस्त को लाल किले के प्रचीर से भी यह कहा था कि जिन कानूनों से देश को धर्म के आधार पर बांटा जाता है उन्हें समाप्त किया जाना चाहिए. उनके अनुसार देश को एक सेकुलर सिविल कोड की आवश्यकता है. गलत कानूनों का आधुनिक समाज में कोई स्थान नहीं है।

**इसी मॉडल के तहत भाजपा शासित अन्य राज्यों में भी यूसीसी को लागू किया जाएगा. समान नागरिक संहिता का मतलब है कि देश में सभी नागरिकों के लिए एक ही कानून हो. इसका उद्देश्य विवाह, तलाक, संपत्ति के बंटवारे व अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर हर नागरिक के लिए समान कानून लागू करना है. वर्तमान में मुस्लिम पर्सनल लॉ के तहत मुस्लिम समुदाय के लोग अपने पारिवारिक मामलों का हल करते हैं लेकिन समान नागरिक संहिता के लागू होने से सभी समुदायों के लिए एक समान कानून होगा. भाजपा ने इस मुद्दे को जनसंघ के समय से उठाया था. पार्टी का मानना है कि यह देश की धर्मनिरपेक्षता व समानता को सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक है.**

### यूक्रेन की सैन्य शक्ति को और बढ़ाएगा ब्रिटेन, नए सहायता पैकेज का ऐलान



**एजेंसी। कीव ब्रिटेन** एक नए सहायता पैकेज के साथ यूक्रेन की सैन्य शक्ति बढ़ाने को तैयार है। एक नए सहायता पैकेज का ऐलान किया गया है। जिसमें नेवल ड्रोन, वायु रक्षा प्रणाली और तोपखाना शामिल हैं। ब्रिटिश रक्षा सचिव जॉन हेली ने यह जानकारी दी। ब्रिटेन के नेतृत्व वाले बहुराष्ट्रीय सैन्य अभियान ऑपरेशन इंटरफ्लेक्स के तहत यूक्रेनी सैनिकों के लिए प्रशिक्षण 2025 में भी जारी रहेगा, चाहे यूक्रेन की शांति प्रक्रिया में कोई भी प्रगति हो या संभावित युद्ध विराम हो।

# कण्ठे कण्ठे संस्कृतम् धीरे : धीरे हो रहा है सफल : संस्कृत भारती

## (31 स्थानों पर चल रहे संस्कृत शिक्षा शिविर का समापन 20 तारीख को)

लोकशक्ति



संस्कृत प्रेमियों व छात्र - छात्राओं के साथ सभी उम्र के लोगों के लिए कंठे - कंठे संस्कृतम् को फलीभूत करने के लिए संस्कृत भारती संगठन द्वारा राजधानी में 31 स्थानों पर संस्कृत शिक्षा प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया था जिसका समापन कार्यक्रम 20 दिसम्बर को शिक्षा भारती कार्यालय रोहणीपुरम मे प्रातः 11.00 बजे से आयोजित है।

प्रांत मंत्री डॉ. दादूभाई त्रिपाठी, एवं संस्कृत भाषा के प्रचारक पं. चंद्रभूषण शुक्ला ने बताया कि देव भाषा संस्कृत जन - जन की भाषा बने तथा धारा प्रवाह संस्कृत मे वार्तालाप हेतु संस्कृत भारती छत्तीसगढ़ संगठन के नेतृत्व में राजधानी रायपुर मे एक साथ 31 स्थानों पर संस्कृत शिक्षा शिविर का आयोजन संस्कृत भारती के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं द्वारा किया गया था जिसका समापन 20 दिसम्बर को होने जा रहा है। इस शिविर में उम्र का कोई बंधन नहीं था इसलिए काफी संख्या मे छोटे - छोटे बच्चों, छात्र - छात्राओं सहित गृहणी महिलाएं एवं कामकाजी पुरुषों ने भी संस्कृत शिक्षा मे भाग लिया और केवल एक सप्ताह में संस्कृत मे धीरे - धीरे बातचीत करना सीख गए।

संगठन मंत्री हेमंत साहू ने बताया कि उक्त समापन कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्कृत भारती के प्रांत अध्यक्ष डॉ. सतेन्द्रसिंह सेंगर, मुख्य अतिथि राजेश कुमार सिंह उपसंचालक समग्र शिक्षा अभियान, विशिष्ट अतिथि समाजसेवी बसंत अग्रवाल एवं मुख्य वक्ता प्रांतमंत्री डॉ. दादूभाई त्रिपाठी रहेंगे। कार्यक्रम शुरू होने के पूर्व शोभायात्रा विद्याभारती संस्थान से गोल चौक होते हुए एन आई टी मार्ग से वापस संस्थान तक आयेगी, उसके बाद दीप प्रज्वलन, अतिथि स्वागत फिर सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा तथा संस्कृत मे गीत, संवाद व शिविर मे भाग लिए लोगों के द्वारा संस्कृत मे अपने अनुभव बताया जायेगा, तत्पश्चात अतिथियों का उद्बोधन होगा।

रायपुर के अलग-अलग वार्डो मे संस्कृत भारती के विभिन्न कार्यकर्ताओं ने इस संस्कृत प्रशिक्षण शिविर को सफल बनाया है। रायपुर के रोहणीपुरम व दीनदयाल उपाध्याय नगर मे प्रवीण झाड़ी व होमेश्वर चंद्राकर, सुंदरनगर व महादेव घाट मे डॉ. वैभव कान्हे, कोटा के सरस्वती शिशु मन्दिर व सिंगापुर सिटी मे डॉ. दिव्या देशपांडे व प्रेमानंद, श्री राम मन्दिर व्ही आई पी रोड में श्रीमती शैलबाला पांडेय व सुखमनी, कंकालीपारा मे डॉ. लूनेश वर्मा व अमित, श्रीनगर गुढियारी मे विवेकानंद व नीलेश तिवारी, तिलकनगर मे दुर्गेश तिवारी व असरिता, गोगाँव में डालेश्वरी साहू व मिथलेश, बैरनबाजार में अंजना साव, शंकर नगर मे चोवालाल व मीरा, कमल विहार व सेजबहार मे खुमेंद्र, लालपुर सावित्री, चौबेकालोनी मे राकेश व शिवकुमार, संजय नगर टिकरापारा मे राकेश तिवारी, न्यू राजेंद्र नगर मे अशोक, माना कैंप मे गुणसागर व पुरषोत्तम, गायत्री नगर मे हरीतवर्मा व योगेश साहू, सड्डु मे रेखा गुप्ता, कबीर नगर मे नरेंद्र आदि स्थानो पर संस्कृतभारती के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने संस्कृत प्रशिक्षण शिविर को सफल करने में महती भूमिका निभाया। सहायक प्रोफेसर प्रवीण झाड़ी, डॉ. वैभव कान्हे एवं डॉ. दिव्या देशपांडे ने बताया कि संस्कृत बहुत ही उपयोगी भाषा है, जीवन को संवारने वाली भाषा है। युवाओं को इस ओर ध्यान देना चाहिए क्योंकि संस्कृत में कैरियर हेतु बहुत से मार्ग है, अभी इस विषय पर प्रतियोगी भी कम मिलते हैं तथा केवल संस्कृत ही एक ऐसा विषय है जिससे समृद्धि एवं संस्कार दोनो प्राप्त होते हैं।

# रकुलियों (सहायक), वेंडर्स, सफाई कर्मियो को कम्बल वितरीत किए गए



**रायपुर।** आज दिनांक 19 दिसंबर 2024 को दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर रेल मंडल में रायपुर रेलवे स्टेशन पर ठंड से बचाव के लिए कुलियों (सहायक), वेंडर्स, सफाई कर्मियो, हमलों को कम्बल, स्टाल मेंबर्स को वितरीत किए गए।मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री राकेश सिंह के प्रयास से सिंधी काउंसिल ऑफ़ इंडिया छत्तीसगढ़ इकाई रायपुर द्वारा निशुल्क 350 कंबल का वितरण किया गया। इस अवसर पर मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री राकेश सिंह एवं प्रदेश अध्यक्ष सिंधी काउंसिल श्री ललित जैसिंध, मुख्य स्टेशन प्रबंधक, रायपुर एन के साहू, मुख्य वाणिज्य निरीक्षक, सिंधी काउंसिल ऑफ़ इंडिया छत्तीसगढ़ इकाई के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# बंधा तालाब के पुनर्विकास के लिए 1.79 करोड़ के कार्यों का विधायक उसेण्डी ने किया भूमिपूजन

**कोंडागांव, (आरएनएस)।** बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं विधायक लता उसेण्डी ने बुधवार को जिला मुख्यालय कोण्डागांव स्थित बंधा तालाब के मरम्मत एवं पुनर्विकास हेतु कुल 01 करोड़ 79 लाख रुपए लागत के कार्यों का भूमि पूजन किया। जिला निर्माण समिति कोण्डागांव के माध्यम से जिला मुख्यालय कोण्डागांव स्थित बंधा तालाब का मरम्मत एवं पुनर्विकास कार्य लागत 34.48 लाख रुपए, पुनर्विकास कार्य (सिविल कार्य) लागत 46.99 लाख रुपए, पुनर्विकास कार्य (विद्युतीकरण कार्य) लागत 47.96 लाख रुपए और मरम्मत एवं पुनर्विकास कार्य (विद्युतीकरण कार्य) लागत 49.87 लाख रुपए का कार्य शामिल है।

विधायक लता उसेंडी ने कहा कि जिला बनने के बाद हमारी सरकार ने कोण्डागांव में विकास के नए आयाम स्थापित किया है। आने वाले समय में बेहतर व्यवस्था हो और विकास होगा। कोंडागांव शहर शिल्प कला के कारण विख्यात है और विश्व में एक अलग ही पहचान है। इसी तरह अन्य क्षेत्रों में भी पहचान बने, इस दिशा में प्रयासरत हैं और काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि नगर विकास के अभी और कार्य करना है। उन्होंने बताया कि बस्तर आर्ट और अन्य सांस्कृतिक केंद्रों को विकसित कर कोण्डागांव को पर्यटन हब बनाने की दिशा में काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कोण्डागांव के विकास की गति को बनाए रखने में आप सभी का सहयोग आवश्यक है। उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को धन्यवाद देते हुए कहा कि महतारी वंदन योजना के तहत जिले के महिला हितग्राहियों के खाते में एक महीने में 17 करोड़ रुपए की राशि अंतरित हो रही है, जिससे जिले की महिलाएं आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर हो रही हैं। कलेक्टर कुणाल दुदावत ने कहा कि कुल 1 करोड़ 79 लाख रुपए से बंधा तालाब को पूर्ण विकसित किया जाएगा। विशेष तौर पर बच्चों और बुजुर्गों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए विकसित किया जाएगा। नगर पालिका उपाध्यक्ष जसकेतु उसेंडी ने कहा कि बंधा तालाब को आधुनिक सुविधाओं से लैस किया जाएगा।

# स्कूली बच्चों ने किया विधानसभा का शैक्षणिक भ्रमण, रीजनल साइंस सेंटर का भी किया भ्रमण

## उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा से की मुलाकात

कवर्धा, 19 दिसम्बर (आरएनएस)। कबीरधाम ज़िले के शासकीय हाई स्कूल, मोतिमपुर के छात्रों ने आज छत्तीसगढ़ विधानसभा का शैक्षणिक भ्रमण किया। अपने रायपुर भ्रमण के दौरान बच्चो ने रीज़नल साइंस सेंटर का भी भ्रमण किया। विधानसभा भ्रमण के दौरान छात्रों ने विधानसभा कार्यवाही को नजदीक से देखा और संसदीय प्रक्रिया की जानकारी प्राप्त की।

भ्रमण के दौरान छात्रों ने उपमुख्यमंत्री एवं विधायक विजय शर्मा से मुलाकात की। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने छात्रों से विधानसभा भ्रमण की पूरी जानकारी ली और राज्य की राजनीति, विधायी प्रक्रिया और उनके महत्व के बारे में बताया। उन्होंने छात्रों को पढ़ाई के साथ-साथ समाज और देश के प्रति जिम्मेदारी निभाने की प्रेरणा दी। उपमुख्यमंत्री के निर्देश पर स्कूली बच्चों को रीजनल साइंस सेंटर का भी भ्रमण करवाया गया।




इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकों ने कहा कि यह भ्रमण छात्रों के लिए सीखने और अनुभव प्राप्त करने का अनूठा अवसर था। इससे उन्हें राज्य की राजनीतिक संरचना और लोकतांत्रिक प्रक्रिया को गहराई से समझने में मदद मिलेगी। छात्रों ने विधानसभा भ्रमण और उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा से मुलाकात को बेहद प्रेरणादायक बताया और भविष्य में ऐसी और भी शैक्षणिक यात्राओं की इच्छा जताई।

# मुख्यमंत्री विष्णु देव साय करेंगे रायपुर-अम्बिकापुर-बिलासपुर विमान सेवा का शुभारंभ

रायपुर, 19 दिसंबर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पहल पर 19 दिसम्बर से राज्य को हवाई सेवा के क्षेत्र में एक नई सौगात मिलने जा रही है। केन्द्र सरकार की रीजनल कनेक्टिविटी योजना के तहत छत्तीसगढ़ राज्य में रायपुर-अम्बिकापुर-बिलासपुर विमान सेवा शुरू होगी। किफायती विमान सेवा से व्यापार, पर्यटन और विकास को बढ़ावा मिलेगा। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय 19 दिसम्बर को पूर्वान्ह 10.45 बजे से 11.10 बजे तक स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट में आयोजित कार्यक्रम में रायपुर-अम्बिकापुर-बिलासपुर विमान सेवा का शुभारंभ करेंगे।

# प्रयास आवासीय विद्यालयों में प्रवेश हेतु ऑनलाईन आवेदन 20 जनवरी 2025 तक

धमतरी-रायपुर, 19 दिसंबर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजनान्तर्गत प्रदेश के अनुसूचित क्षेत्रों, आदिवासी उपयोजना क्षेत्र तथा नक्सल पीड़ित, प्रभावित क्षेत्रां के स्थित स्कूलों में अध्ययनरत प्रतिभावान विद्यार्थियों को कक्षा नवमीं से बारहवीं तक उत्कृष्ट स्कूली शिक्षा के साथ-साथ राष्ट्रीय स्तर की मेडिकल, इंजीनियरिंग, सीए, सीएस, सीएमए, क्लैट तथा एनडीए प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल होने के लिए सघन तैयारी हेतु प्रदेश में स्थापित प्रयास आवासीय विद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2025-26 में प्रवेश हेतु ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया है।

# निकाय चुनाव के लिए वार्डों के लिए आरक्षण तय

रायपुर, 19 दिसंबर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के रायपुर-बलौदाबाजार समेत कई जिलों में नगरीय निकाय चुनाव 2024-25 के लिए तैयारियां शुरू हो गई है. राजधानी रायपुर के शहीद स्मारक भवन में रायपुर के 70 वार्डों के लिए आरक्षण सूची जारी हो गई है. प्रक्रिया का उद्देश्य आगामी चुनावों में सभी वर्गों का समान प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करना है।

# अम्बेडकर अस्पताल में एनडीआरएफ, एसडीआरएफऔर फायर ब्रिगेड विभाग का संयुक्त फायर एंड रेस्क्यू मॉक ड्रिल प्रदर्शन

रायपुर. 19 दिसम्बर 2024. एनडीआरएफ (राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल), एसडीआरएफ (राज्य आपदा प्रतिकिया बल) और जिला अग्निशमन विभाग द्वारा संयुक्त रूप से आज डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय रायपुर में फायर एंड रेस्क्यू (अग्नि और सुरक्षा) मॉक ड्रिल का प्रदर्शन किया गया। अस्पताल में आग लगने की संभावित परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और फायर ब्रिगेड की टीम ने आपसी समन्वय से सुरक्षा एवं बचाव का जीवंत अभ्यास प्रदर्शन कर आपदा से निपटने के विभिन्न तरीकों की जानकारी दी।

मॉक ड्रिल के दौरान तीनों टीम ने अभ्यास प्रदर्शन करते हुए संभावित घटना के लिए तैयारियों का आकलन किया। वहां उपस्थित नर्सिंग स्टॉफ, कर्मचारियों और सुरक्षा गार्ड्स को आग लगने की घटनाओं और उससे निर्मित परिस्थितियों पर विस्तृत रूप से जानकारी देते हुए बताया कि जटिल आपात स्थितियों में कैसे काम किया जाता है ? प्रतीकात्मक रूप से आग लगने की घटना को प्रदर्शित करते हुए फायर ब्रिगेड की गाड़ियां फायर सायरन बजाते हुए मौके पर पहुंची। पानी के प्रेशर पाइप के जरिये अस्पताल के तीसरे मॉले पर आग बुझाने की प्रैक्टिस की गई। टीम ने अस्पताल के अंदर फंसे लोगों को बाहर निकालने संबंधी अभ्यास किया। इसी तारतम्य में घायल लोगों को स्ट्रेचर पर लिटाकर प्राथमिक उपचार देकर एम्बुलेंस के जरिये दूसरे अस्पताल भेजा। जिला अग्निशमन कर्मियों द्वारा अग्नि मॉक ड्रिल में आग बुझाने, फायर सेफ्टी उपकरणों के प्रयोग के तरीकों के बारे में जानकारी दी गई। कहीं भी छोटी सी आग लगे उसके लिए आम लोगों को फर्स्ट एड फायर फाइटिंग का प्रशिक्षण दिया। विभिन्न प्रकार के फायर एक्सटिंग्विशर या अग्निशामक यंत्र और उसमें भरे जाने वाले गीला रसायन, कॉर्बन डाइ ऑक्साइड, फोम और पानी के बारे में जानकारी दी। कौन सा यंत्र किस प्रकार का आग बुझा सकता है, इसका भी प्रदर्शन किया गया। फायर एंड रेस्क्यू मॉक ड्रिल के दौरान अम्बेडकर अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. संतोष सोनकर, सहायक अधीक्षक डॉ. अनिल बघेल, उप नर्सिंग अधीक्षक सुश्री नंदा रंगारी, जिला अग्निशमन अधिकारी श्री पुष्पराज सिंह, एनडीआरएफतीसरी बटालियन के प्रमुख श्री पवन जोशी, एसडीआरएफ से जागेश्वर धीवर, फायर ब्रिगेड टीम से इमरान खान समेत गुरूषोत्तम सोम, राम खिलावन साहू, सुरेश कुमार ध्रुव, कन्हैया लाल एवं अन्य सैनिक उपस्थित रहे। राहत एवं बचाव कार्य से संबंधित इन सभी का अभ्यास प्रदर्शन सराहनीय रहा।



# युवा नेता शुभम यादव ने निगम चुनाव में वार्ड 15 से की दावेदारी

रायपुर। भाजपा युवा नेता शुभम यादव ने अपनी राजनीतिक यात्रा की शुरुआत छात्र राजनीति से की थी। उन्होंने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (ABVP) पश्चिम विधानसभा क्षेत्र से कला मंच प्रमुख के रूप में कार्य करते हुए युवा मोर्चा में भी सक्रिय भूमिका निभाई। वर्तमान में वे युवा मोर्चा गुढ़ियारी मंडल के मंत्री के साथ-साथ कन्हैया लाल बाजारी वार्ड-15 के पार्षद प्रतिनिधि के रूप में जनसमस्याओं के समाधान में लगातार योगदान दे रहे है।



# नौकरी के नाम पर बेरोजगारों से ठगे लाखों रुपए, दो गिरफ्तार

**रायपुर,** प्रार्थिया मोनिका मिर्धा ने थाना पंडरी में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह मूलतः ग्राम सांकरा जिला महासमुंद की निवासी है तथा वर्तमान मे मौली पारा ताज चौक तेलीबांधा रायपुर में रहती है एवं वर्तमान में बेरोजगार है। प्रार्थिया जनवरी 2024 से अप्रैल 2024 तक दुबे कालोनी मोवा रायपुर में किराये के मकान में रहती थी। इसी दौरान जनवरी 2024 में प्रार्थिया की पहचान कुसुम यादव से हुई थी, जो स्वयं को डॉ. बी.आर. अम्बेडकर अस्पताल रायपुर में स्टॉफनर्स के पद पर कार्यरत होना बतायी थी। कुसुम यादव ने अपने परिचित हरीश पटेल के माध्यम से प्रार्थिया की सरकारी नौकरी जिला रायगढ़ के पुसौर में स्टॉफ नर्स के पद पर लगवाने का आश्वासन दिया तथा नौकरी लगवाने के नाम पर प्रार्थिया से 2,50,000/- (दो लाख पचास हजार रूपये) की मांग किये, जिस पर प्रार्थिया उनके झांसे में आकर अलग- अलग तिथियों में हरीश पटेल के खाता में कुल 1,25,000/- (एक लाख पच्चीस हजार रूपये) ट्रांसफर कर दी तथा शेष रकम नौकरी लग जाने के बाद देने की बात तय हुई। दिनांक 30.03.2024 को कुसुम यादव प्रार्थिया को नियुक्ती प्रमाण पत्र दी जो कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ अधिकारी जिला बलौदा बाजार भाटापारा (छ.ग.) के कार्यालय से जारी हुआ था, जिसमें दिनांक 29.05.2024 को प्रार्थिया को अपने कार्य में उपस्थित होना था। प्रार्थिया उक्त नियुक्ती प्रमाण पत्र को लेकर कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ अधिकारी विभाग जिला बलौदा बाजार भाटापारा जाकर नियुक्ती प्रमाण पत्र को दिखायी, जिस पर नियुक्ति पत्र फर्जी होना पाया गया। प्रार्थिया द्वारा कुसुम यादव एवं हरीश पटेल को इस संबंध में जानकारी देकर अपने द्वारा दिये गये पैसा को वापस मांगने पर दोनों प्रार्थिया को पैसा वापस करने का आश्वासन देते रहे, किंतु पैसा वापस नहीं दिये। कुसुम यादव एवं हरीश पटेल द्वारा प्रार्थिया को स्वास्थ विभाग में नौकरी लगाने का झांसा देकर प्रार्थिया से 1,25,000/- (एक लाख पच्चीस हजार रूपये) प्राप्त कर इसी प्रकार कुसुम यादव एवं हरीश पटेल द्वारा पिंकी पटेल, सुनीता पटेल निवासी दुर्गापाली सराईपाली, मनीष सिन्हा, श्रद्धाजंली प्रजापति एवं गिरजा साहू नामक व्यक्तियों को भी अलग - अलग विभागों में शासकीय नौकरी लगाने का झांसे देते हुये उनसे भी लाखों रूपये प्राप्त कर उन्हें भी फर्जी नियुक्ती प्रमाण पत्र देकर उनके साथ भी ठगी किया गया, कि प्रार्थियों की रिपोर्ट पर दोनों आरोपियों के विरूद्ध थाना पंडरी में अपराध क्रमांक 361/24 धारा 420, 467, 468, 471, 34 भादवि. का अपराध पंजीबद्ध किया गया। नौकरी लगाने के नाम पर बेरोजगारों से लाखों रूपये ठगी करने की घटना को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह द्वारा गंभीरता से लेते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर लखन पटले, नगर पुलिस अधीक्षक सिविल लाईन अजय कुमार (भा.पु.से.) एवं थाना प्रभारी पण्डरी निरीक्षक कमलेश देवांगन को आरोपियों की पतासाजी कर जल्द से जल्द गिरफ्तार करने हेतु निर्देशित किया गया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन व थाना प्रभारी पंडरी के नेतृत्व में थाना पण्डरी पुलिस की टीम द्वारा घटना के संबंध में समस्त प्रार्थियों से पूछताछ कर आरोपियों की पतासाजी करना प्रारंभ किया गया।



# ग्राम पंचायत मोहगांव में हेलमेट वितरण कार्यक्रम और साइबर सुरक्षा जागरूकता अभियान

**कवर्धा-रायपुर,** । कबीरधाम जिले के ग्राम पंचायत मोहगांव में आज हेलमेट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 100 नागरिकों को निःशुल्क हेलमेट वितरित किए गए। इस कार्यक्रम में कबीरधाम पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे और उन्होंने नागरिकों को हेलमेट प्रदान किया।

कार्यक्रम का आयोजन समाजसेवी विष्णु चंद्रवंशी के विशेष सहयोग से किया गया, जिन्होंने क्षेत्र के अन्य गांवों के नागरिकों को भी इस पहल का लाभ दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देना और हेलमेट पहनने के महत्व को नागरिकों तक पहुंचाना था। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने अपने संबोधन में नागरिकों को साइबर अपराधों के प्रति सतर्क रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि साइबर अपराधों में भारी वृद्धि हो रही है, जिसका मुख्य कारण लालच है। नागरिकों से आग्रह किया गया कि वे अपनी व्यक्तिगत जानकारी साझा करने में सावधानी बरतें और अज्ञात स्त्रोतों से प्राप्त किसी भी लिंक पर क्लिक करने से बचें। एसडीओपी बोडला अखिलेश कौशिक ने साइबर सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला और नागरिकों को साइबर अपराधों से बचने के उपाय बताए। उन्होंने साइबर फ्रॉड के सामान्य संकेतों के बारे में जानकारी दी और इससे बचाव के लिए जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया। यातायात प्रभारी प्रवीण खलखो और थाना प्रभारी पांडातराई ने भी नागरिकों को यातायात नियमों के पालन का महत्व समझाया। उन्होंने कहा कि सड़क पर सभी की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए यातायात नियमों का पालन करना आवश्यक है।




फाईल

संपादकीय

## आंबेडकर जी के सहारे राजनीति की रोटी ना सेके विपक्ष

बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर की आड़ में अपनी राजनैतिक रोटी सेंकने की बजाय, इनका पूरा आदर-सम्मान करना चाहिये। शाह ने आगे कहा, 'कांग्रेस ने पहले पीएम नरेंद्र मोदी के बयान को भी एडिट किया था. मीडिया से विनती है कि मेरे पूरे बयान को जनता के सामने रखे. मैं उस पार्टी से हूं जो डॉ. आंबेडकर का कभी अपमान नहीं कर सकती. जिन्होंने हमेशा बाबा साहेब का अपमान किया, उन्हें भारत रत्न का अपमान किया, वो आज भ्रांति फैलाने का काम कर रहे हैं. कांग्रेस के नेताओं ने कई बार खुद ही अपने आप को भारत रत्न दिए हैं. 1955 में नेहरू जी ने खुद को भारत रत्न दे दिया, 1971 में इंदिरा जी ने खुद को भारत रत्न दे दिया. लेकिन बाबा साहेब को भारत रत्न 1990 में तब मिला जब कांग्रेस सत्ता में नहीं थी और भाजपा के समर्थन वाली सरकार थी. 1990 तक कांग्रेस बाबा साहेब को भारत रत्न न मिले, इसके लिए प्रयास करती रही.



## प्रभु साथ दो मेरा

प्रभु साथ दो मेराह्य
जहां भी हो अंधेरा
राह में सत्य की
सदैव साथ हो तेराह्य

जहां लोभ का डेरा
पथ में न्याय के
चलूं मैं अकेला
प्रभु साथ दो मेराह्य

वासना के प्रबल
आंधी तूफान मचल-मचल
सदैव करते मुझे निर्बल
प्रभु साथ दो मेरा।

रोता है मन मेरा
शिशु सा भोला, निर्मल
पानें को बार-बार
मां की ममता अपार।

प्रभु लगा दो पार
नाव पड़ी मझधार
हर सांस के संग मेरी
प्रभु कृपा हो तेरी।

प्रभु साथ दो मेरा
जहां से चलूं अकेला
आशाओं से भरा सवेरा
समर्पित दिन सारा मेरा।

समर्पित तुम्हें दिन मेरा
बीत जाता प्रभु कोरा
सुबह शाम उड़ते पंछी सा
प्रभु तुम साथ दो मेरा।

अब रह गया तेरा ही सहारा,
प्रभु साथ दो मेरा।

**संजीव ठाकुर**

QR CODE SCAN
कर प्रेमेन्द्र अग्रवाल द्वारा लिखित पुस्तकें पढ़िये ऑनलाईन

PM : 2024 - Vishwa Sarkar Ka Vikalp

Modimaya_ Vaidik_Netritva

Rashtriya Ekta

DLF-Vadra-Bhrasht Tantra

Silent Assassins Jan11,1966

Accursed & Jihadi Neighbour

# निस्तेज विपक्ष देष को कब तक अंधेरों में धकेलेगा?



**ललित गर्ग**
लेखक, पत्रकार, स्तंभकार





विपक्ष बात-बात पर तू-तू, मैं-मैं करते हुए बात का बतंगड़ बनाकर देश का भारी नुकसान कर रहा है। संसद को चलने नहीं दे रहा है, आधे-अधूरे बयान के हिस्से को प्रचारित कर घटिया एवं सस्ती राजनीति करते हुए देश को गुमराह कर रही है। बेबुनियाद एवं भ्रामक मुद्दों को उछाल कैसे गुल खिलाये, कैसे देश को अंधेरों में धकेला जाये, इसी फिराक में कांग्रेस एवं समूचा विपक्ष दिनरात लगा है, इसका प्रमाण है गत दिवस संसद में गृह मंत्री अमित शाह के डा. आंबेडकर को लेकर दिए गए बयान पर विपक्ष का हंगामा, तीखी नोकझोंक एवं होहल्ला। इस हंगामे का आधार यह है कि गृह मंत्री ने यह कह कर आंबेडकरजी का अपमान कर दिया कि यदि आंबेडकर, आंबेडकर करने वाले इतना नाम भगवान का लेते तो सात जन्मों तक स्वर्ग मिल जाता। मुश्किल यह है कि हंगामा करने वाले यह स्पष्ट नहीं कर पा रहे हैं कि आखिर ऐसा कहने से आंबेडकरजी का अपमान कैसे हो गया? विडम्बना देखिये कि आजादी के बाद से अब तक आंबेडकर का अपमान करने, तिरस्कार करने एवं उनकी उपेक्षा करने वाला दल एकाएक उनका इतना हिमायती कैसे हो गया? यह सारा हंगामा विपक्ष इसलिये कर रहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं भारतीय जनता पार्टी ने आंबेकडर को शीर्ष राष्ट्रनायकों में शुमार कर किया है और उनकी नीतियों, सिद्धान्तों एवं मूल्यों को राजनीति का अहम हिस्सा बनाया है। विपक्ष डरा हुआ है कि भाजपा आंबेडकर को आजादी के बाद प्रधानमंत्री वी.पी. सिंह के बाद उचित स्थान देकर दलित समुदाय के हितों की वास्तविक चिन्ता की है, जिससे दलित वोट भाजपा के पक्ष में जाता हुआ दिख रहा है। इसलिये शाह के बयान को तोड़-मरोड एवं आधा-अधूरा प्रस्तुत कर बेवजह का हंगामा करने पर तुले विपक्ष एवं उनके नेताओं ने जो एवं जैसे तर्क दिए हैं, वे विचित्र ही नहीं, हास्यास्पद भी हैं।

बाबा साहेब आंबेडकर पर घडियाली आंसू बहाने वाला विपक्ष एवं विशेषतः कांग्रेस यह भूल रही है कि आंबेडकर का सर्वाधिक अपमान एवं उपेक्षा इन्हीं दलों ने की है। पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू आंबेडकर को पसन्द नहीं करते थे। क्योंकि आंबेडकर मुस्लिम तुष्टिकरण की कांग्रेस नीति से नाखुश थे। उनका मत था कि धर्म के आधार पर देश का विभाजन हुआ है, अतः सभी मुस्लिम को भारत छोड़ देना चाहिए? गांधी और नेहरू ने इस विचारधारा का विरोध किया? गांधी तो विरोध में भूख हड़ताल पर बैठ गए? बाबा साहेब ने गांधी से समझौता कर संविधान को मुस्लिम के अनुसार ड्राफ्ट कर दिया? फिर भी नेहरू बाबा साहेब के विरुद्ध लगातार लगे रहे। यहां तक आंबेडकर के चुनाव लड़ने पर नेहरू ने उनके खिलाफ कांग्रेस प्रत्याशी खड़ा कर उन्हें हरवा दिया? विडम्बना देखिये कि आंबेडकर के सचिव नारायण सदोबा काजरोलकर को उनके खिलाफ खड़ा कर दिया। कांग्रेस ने न केवल दो बार उन्हें चुनाव में हराया बल्कि केन्द्र सरकार में उनकी घोर उपेक्षा लगातार जारी रखी। इसी से नाराज होकर आंबेडकर ने मंत्री पद से इस्तिफा देते हुए नेहरू पर गंभीर आरोप लगाये। इतना ही नहीं आंबेडकर ने स्वयं के बनाये संविधान को जला देने की बात भी इसलिये कही थी कि संविधान का संचालन गलत हाथों में है।

इतिहास की इन त्रासद एवं विसंगतिपूर्ण स्थितियों के बावजूद आखिर कांग्रेस किस आधार पर आंबेडकर की तस्वीरें लेकर संसद परिसर में विरोध कर रही है। अपने आरोप को पुष्ट करने के लिए विपक्ष और विशेष रूप से कांग्रेस नेता गृह मंत्री के बयान के एक हिस्से को तो प्रचारित कर रहे हैं, लेकिन उसके शेष हिस्से को सुनने के लिए तैयार नहीं, जिसमें उन्होंने कहा था कि डा. आंबेडकर का नाम लेने वालों ने किस तरह उनके विचारों के खिलाफ काम किया और उन्हें अपमानित करने में भी संकोच नहीं किया। लगता है कांग्रेस को यही नागवार गुजरा और इसी कारण वह संसद के भीतर-बाहर इस मामले को तूल देने में जुट गई। इसे तूल देने के लिए उसके नेताओं की ओर से संसद के दोनों सदनों में आज भी हंगामा बरपाया कि दोनों दलों के सांसदों के बीच मकर द्वार पर धक्कामुक्की में भाजपा सांसद प्रताप सारंगी के सिर में चोट देखी गई। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायल सांसद ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी ने एक सांसद को धक्का दिया, जो मेरे ऊपर गिरे। आरोप पर जवाब देते हुए राहुल ने कहा कि हां! ऐसा हुआ। वे हमें प्रवेश द्वार पर रोकने की कोशिश रहे थे। ये तर्क एवं त्रासद स्थितियां संसदीय गरिमा को धुंधलाने वाली है। कांग्रेस के तर्कों का स्तर न केवल राजनीतिक विमर्श का गिराने वाला ही नहीं, बल्कि यह बताने वाले भी हैं कि नेतागण किस तरह तिल का ताड़ बनाने में माहिर हो गए हैं। कांग्रेस भाजपा के बारे में तथ्यहीन एवं भ्रामक अफवाहें फैला रही है। कांग्रेस नेहरू से लेकर मनमोहन सिंह तक गरीब और बेरोजगारी का गीत गाते रहे हैं, लेकिन उनके शासनकाल में न तो गरीब खत्म हुए और न बेरोजगारी? नीयत में खोट और अनुभवहीनता का जब सत्ता प्राप्ति के संदर्भ में समन्वय हो जाता है, तो ऐसी हास्यास्पद स्थितियां निर्मित हो जाती हैं। भारत की राजनीति में इस समय यही स्थिति बन गई है।

राजनीतिक बहस का स्तर इतना छिछलादार, स्तरहीन एवं बेबुनियाद नहीं होना चाहिए। झूठ को जोर-जोर से चिल्लाकर कहने से वह सच नहीं हो जाता। यह अच्छा हुआ कि गृह मंत्री ने अपने बयान पर कोई सफाई देने के बजाय दो टूक यह कहना उचित समझा कि उनके पूरे वक्तव्य को सुना जाए। वैसे यह तय है कि विपक्षी नेता ऐसा नहीं करने वाले, क्योंकि उन्हें यही साबित करना है कि आंबेडकरजी का अपमान हो गया, संविधान खतरे में आ गया इसलिये गृहमंत्री को अपने पद से इस्तिफा दे देना चाहिए। आखिर इसे मूर्खतापूर्ण राजनीति न कहा जाए तो क्या कहा जाए? इस पर हैरानी नहीं कि राहुल गांधी को फिर से यह नजर आने लगा कि मोदी सरकार संविधान बदलने जा रही है। कांग्रेस नेता गृह मंत्री के बयान को लेकर आसमान सिर पर उठाने के लिए स्वतंत्र हैं, लेकिन वे इस सच को नहीं छिपा सकते कि उनके शासनकाल में डा. आंबेडकर की किस तरह उपेक्षा और अनदेखी की गई। इसका सबसे बड़ा प्रमाण तो यही है कि जहां जवाहरलाल नेहरू और इंदिरा गांधी को तो उनके जीवनकाल में ही भारत रत्न से सम्मानित कर दिया गया, लेकिन आंबेडकरजी को यह सम्मान दशकों बाद 1990 में मिल सका। यहां तक संसद के केन्द्रीय कक्ष में मोतीलाल नेहरू, जवाहरलाल नेहरू एवं इन्दिरा गांधी की तस्वीरें तभी लग गयी लेकिन आंबेडकर की तस्वीर वी.पी. सिंह ने प्रधानमंत्री रहते लगायी गयी। क्या कांग्रेस बता सकेगी कि ऐसा क्यों हुआ? क्यों आंबेडकर की लगातार उपेक्षा होती रही?

डा. आंबेडकर ने 25 नवंबर, 1949 के अपने ऐतिहासिक भाषण में यह कहा था कि संविधान कितना अच्छा होगा, यह आगे चलकर उसे चलाने वालें सत्ता नेतृत्व की मानसिकता एवं नीयत पर निर्भर करेगा। 1975-77 में यह शब्दशः सत्य सिद्ध हुआ, जब पद पर बने रहने की लालसा ने संविधान के साथ अत्याचार करते हुए आपातकाल लागू किया गया, जिसे इतिहास भूलेगा नहीं। लेकिन आज जो संविधान बचाने का शोर सुनाई दे रहा है और जिसकी प्रति संसद से संभल तक लहराई जा रही है, वह देश का ध्यान भटकाने की कोशिश मात्र है, जनता को गुमराह करने की कुचेष्टा मात्र है। निश्चित ही यह दयनीय, विडम्बनापूर्ण एवं त्रासद है कि सत्ता पाने के लिए व्याकुल लोगों की व्यग्रता अब घातक उग्रता के रूप में प्रकट हो रही है। संसद के कार्य संचालन में जैसे व्यवधान डाले जा रहे हैं, वे न तो भारत के संविधान के प्रति कोई आदरभाव प्रकट करते हैं, न ही आंबेडकर के प्रति कोई श्रद्धा प्रकट करते हैं। आज हमारे विपक्ष के पास एक भी ऐसा नेता नहीं है जो इस स्थिति से देश को बाहर निकाल सके, राष्ट्रीय चरित्र को जीवित रखने का भरोसा दिला सके। प्रश्न है कि निराश करने वाला विपक्ष देश को कब तक अंधेरों में धकेलता रहेगा?

**यह निजी विचार है।**

## राष्ट्रीय चरित्र निर्माण और राष्ट्रवाद

### मजबूत देश निर्माण के नेपथ्य में राष्ट्रवाद की भूमिका मत्वपूर्ण।

राष्ट्रीय चरित्र और राष्ट्रवाद शालाओं की बुनियादी शिक्षा कक्षाओं और गुरु और शिष्य के साथ देश के प्रति समर्पण के भाव से प्रस्फुटित होता हैह्य राष्ट्रवाद राष्ट्र की रक्षा ,अखंडता एवं सशक्तिकरण के भाग्य को संरक्षित कर सुदृढ़ बनाता हैह्य स्वतंत्रता के बाद विज्ञान एवं टेक्नोलॉजी के स्वप्न दृष्टा प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने देश के भावी भविष्य को पहचानते हुए बुनियादी कक्षाओं की राष्ट्रवाद के निर्माण में भूमिका को सहजता से पहचान लिया और अमेरिका की तर्ज पर भारत को तकनीकी तौर पर एक शक्तिशाली राष्ट्र बनाने के लिए अमेरिका के एमआईटी की तर्ज पर भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान स्थापित करवाया था ।जब खड़कपुर आईआईटी की स्थापना की गई थी तब उन्होंने अतिथि के रूप में अपने भाषण में कहा की भारत को वैज्ञानिक महाशक्ति बनाने का दायित्व इन्हीं आई,आई,टी की कक्षाओं शिक्षकों एवं छात्राओं का होगा, वे राष्ट्र को तकनीकी दिशा में मील का पत्थर बनाने में साबित होंगेह्य

वर्तमान में भारत आज अंतरिक्ष की बड़ी शक्तियों की कतार में शामिल हैह्य इसके पीछे भारत के कई वैज्ञानिक सीवी रमन ,विक्रम साराभाई, सतीश धवन जैसे बड़े वैज्ञानिकों द्वारा विकसित इसरो संस्थान है जिसकी कक्षाओं में मंगल तक भारतीय तिरंगे को लहराया. भाभा एटॉमिक परमाणु शक्ति बन गया हैह्य वैश्विक स्तर पर हर बड़े स्पेस रिसर्च सेंटर पर भारत की इंजीनियर और वैज्ञानिक अपनी सेवाएं दे रहे हैंह्य

आज अमेरिका आर्थिक महाशक्ति बनने के पीछे उसके विश्वविद्यालय ,संस्थाएं हैं। हावर्ड बिजनेस स्कूल विश्व स्तरीय व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में से एक माना जाता हैह्य आर्थिक सामाजिक तथा वैज्ञानिक शोध संस्थाओं में अधिकाधिक धनराशि खर्च करके अमेरिका, रूस, ब्रिटेन ,चीन, ऑस्ट्रेलिया ,कनाडा ने विश्व में सर्वश्रेष्ठ बुद्धिजीवी दिए हैंह्य यह तो तय है कि कोई भी देश का भाग्य तभी उन्नत तथा विकसित होगा जब वहां के छात्र शिक्षक एवं आमजन न्याय, समता ,प्रबुद्धता के प्रति अपनी अडिग प्रतिबद्धता रखें। आने वाली पीढ़ी यानी कि वर्तमान के बच्चे और भविष्य के नागरिक ही किसी देश का भविष्य निर्माण करते हैं और यह भी तय रहता है कि बुद्धिमान शिक्षक अपने छात्रों के माध्यम से किसी महान राष्ट्र की नींव रखते हैं।

किसी भी महान राष्ट्र का निर्माण रातों-रात नहीं होता है इसके लिए पीढीयो का योगदान और श्रेष्ठ शिक्षक एवं छात्रों की लग्न शीलता और मेहनत की प्रतिबद्धता होती है। 1960 और 70 के दशक में चीन में गठित सांस्कृतिक क्रांति कक्षाओं, प्रयोगशालाओं, खेतों ,कारखानों को एकता में बांधकर सक्रिय नीति का प्रयोग कर सभी को एक सूत्र में बांधा गया था। जापान तो प्राथमिक कक्षाओं से उपजे राष्ट्रवाद, अनुशासन तथा कर्तव्य बोध के लिए सर्वश्रेष्ठ उदाहरण रहा है, जापान में द्वितीय विश्व युद्ध के बाद पराजय का कड़वा घूंट पीने के पश्चात कमजोर एवं मृतप्राय जापान को एक शक्तिशाली आर्थिक राष्ट्र बना दिया। इसके विपरीत वर्तमान कक्षाएं प्रेम, अनुशासन ,करुणा जैसे पाठ ना सिखा कर ईर्ष्या, कंपटीशन, हिंसा ,कटुता जैसे अध्याय सिखा कर राष्ट्र के भविष्य को गर्त में ले जा रही है ।देश के अनेक विश्वविद्यालय हड़ताल ,हिंसा, जाति भेदभाव, आपत्तिजनक नारों जैसे विसंगतियों का सामना कर रहे हैं। कक्षाओं का नैतिकता, सहिष्णुता ,अनुशासन से कटाव केवल भारत में नहीं पूरे विश्व में इसका फैलाव हो चुका है। अमेरिका तथा यूरोपीय देशों में स्कूलों का कक्षाओं में गोली कांड इसके बड़े विकृत उदाहरण हैं। पंडित जवाहरलाल नेहरू ने अपने ट्रीस्ट विद डेस्टिनी के भाषण में भूख, भय ,बीमारी, अज्ञान से पूर्णता मुक्ति की बात को भारत की नियति या डेस्टिनी कहा है।

वर्तमान में इस बात पर जोर दिया जाना चाहिए की कक्षाओं को चरित्र निर्माण ,अनुशासन ,उत्कृष्ट नवाचार ,लोकतांत्रिक विचार संरचना का केंद्र बनाकर इसकी शिक्षा दीक्षा दी जानी चाहिए। कक्षाओं से बच्चे आर्थिक रूप से प्रौद्योगिकी स्थापित कर स्वयं अपने पैरों पर खड़े होकर आने वाले वर्षों में कई युवाओं को रोजगार देकर संपूर्ण मानवता ,पर्यावरण की रक्षा तथा राष्ट्र के उत्कर्ष को सही दिशा देने का काम करेंगे। जिससे राष्ट्रीय चरित्र निर्माण तथा राष्ट्रीयता की भावना को एक मजबूत आधार प्राप्त हो सकेगा। **संजीव ठाकुर । यह निजी विचार है।**

# कनाडा में सिख समुदाय आतंकियों के दबाव से त्रस्त

**भारत डोगरा**



तेईस जून, 1985 को कनिष्क एअर इंडिया 182 विमान में उड़ते समय भयंकर विस्फोट हुआ जिससे हवाई जहाज अटलांटिक सागर में आयरलैंड के तटीय क्षेत्र के पास गिरा और उसमें सवार सभी 329 व्यक्ति मारे गए। इनमें से अधिकतर भारतीय मूल के कनाडाई नागरिक थे।

जिन परिवारों के सदस्य मारे गए आज भी उन्हें न्याय नहीं मिला। इसके अतिरिक्त, यह भी समय-समय पर प्राप्त होने वाले तथ्यों से स्पष्ट होता रहा है कि यदि कनाडा की गुप्तचर और पुलिस एजेंसियों ने समुचित कार्रवाई की होती तो बड़ी संभावना यह होती कि इस हादसे को रोका जा सकता था।

कनाडा के पब्लिक सेफ्टी मंत्रालय ने ओंटारियो के पूर्व मंत्री बाब रे को इस त्रासदी की जांच का काम सौंपा था। उन्होंने अपनी रिपोर्ट में लिखा है कि कनाडा गुप्तचर संस्थान (सीएसआईएस-कनाडियन सेक्युरिटी इंटेलीजेंस सर्विस) के अधिकारियों ने ऐसे दो खालिस्तानियों का पीछा किया जो उनके संदेह के दायरे में थे। दोनों एक टापूनुमा वीरान जंगली क्षेत्र में पहुंचे। यहां तक गुप्तचरों ने उनका पीछा किया। फिर जहां ये खालिस्तानी गए थे वहां से बड़े धमाके की आवाज आई। कोई बच्चा भी कहेगा कि इस धमाके की आवाज आने से पूछताछ की जरूरत और बढ़ गई थी पर इन गुप्तचरों ने ऐसा कुछ नहीं किया और आगे कोई कार्रवाई ही नहीं की। अब जब अन्य तथ्य सामने आ चुके हैं तो स्पष्ट है, जैसा कि जांच रिपोर्ट में भी कहा गया है, कि यह सुनसान इलाके में बम टेस्ट करने का प्रयास था क्योंकि दो वायुयानों में बम रखने की तैयारियां उस समय पूरे जोरों पर थीं। यदि समय पर इन खालिस्तानियों से भली-भांति पूछताछ कर ली जाती तो षडयंत्र को उसी समय रोक पाने की संभावना थी।

एक अन्य बड़ा मुद्दा है कि गुप्तचर एजेंसी सीएसआईएस ने पहले टेपों पर खालिस्तानी षडयंत्रकारियों की बहुत सी बातचीत रिकार्ड भी की थी और फिर इससे पहले कि इस रिकार्डिंग का समुचित विश्लेषण हो पाता, इनको नष्ट कर दिया गया। जांच रिपोर्ट ने इस बारे में इस केस की सुनवाई कर रहे जस्टिस जैसिफसन की टिप्पणी की ओर ध्यान दिलाया है, जिन्होंने इसे ऐसी लापरवाही बताया था, जिसे स्वीकार नहीं किया जा सकता। आखिर, इतनी बड़ी लापरवाही कैसे हो गई, इस पर चर्चा हुई तो सीएसआईएस का यह पक्ष सामने आया कि उसके एक एजेंट ने खालिस्तानी षडयंत्रकारियों में घुसपैठ कर ली थी, हालांकि कनिष्क हादसे से तीन दिन पहले उसे अलग कर लिया गया। सीएसआईएस का पक्ष, जो प्रकाशित रिपोटरे में बताया गया है (जैसा बीबीसी की एक रिपोर्ट में भी छपा) कि उसने अपने इस एजेंट के बचाव के लिए टेप नष्ट किए।

पर ज्यादा महत्त्वपूर्ण बात यह है कि एजेंट के पास जो जानकारी थी, उसका भरपूर उपयोग किया जाता तो इतना समय जरूर मिलता कि षडयंत्र का पता लगा कर उसे नाकाम कर दिया जाता। पर ऐसा नहीं हुआ। जांच रिपोर्ट में यह भी बताया गया कि जो जानकारी सीएसआईएस के पास होती थी वह कनाडियन पुलिस (आरसीएमपी) के साथ ठीक से शेयर नहीं की जाती थी। कनाडा के उच्च स्तर के कुछ सुरक्षा अधिकारियों ने इस बारे में गंभीर चिंता व्यक्त करनी आरंभ की कि कनाडा में बहुत से आतंकी संगठनों ने डेरा जमा लिया है।

सीएसआईएस के पूर्व अध्यक्ष वार्ड एलकाक ने अपनी उच्चस्तरीय जानकारी के आधार पर सीनेट की एक विशेष समिति को बताया कि अमेरिका को छोड़ दें तो किसी भी अन्य देश की अपेक्षा कनाडा में अधिक आतंकवादी संगठन सक्रिय हैं। उन्होंने बताया कि उनका संस्थान सीएसआईएस की आतंक-विरोधी शाखा ऐसे 50 आतंकवादी संगठनों और इनसे जुड़े 350 व्यक्तियों की जांच कर रहा है। उन्होंने आगे बताया कि ये विभिन्न आतंकवादी संगठन आतंकवादी कार्रवाइयों में सहायता देते हैं, आतंकवाद के लिए धन एकत्र करते हैं, प्रोपेगंडा और असत्य (डिसइंफाम्रेशन) फैलाने के लिए विभिन्न समुदायों का दोहन-शोषण करते हैं, अप्रवासियों को डराते-धमकाते हैं, आतंकियों के लिए कनाडा में सुरक्षित शरण स्थलों की व्यवस्था करते हैं, आतंकियों की अमेरिका तक आने-जाने की व्यवस्था करते हैं, और अप्रवासियों की तस्करी करते हैं।

यह बयान कनाडा के फ्रेसर इंस्टीटयूट की अध्ययन रिपोर्ट में उपलब्ध है, जिसका शीषर्क है %कनाडा'ज इनएडिक्वेट रिस्पॉन्स टू टेररिज्म'। रिपोर्ट के लेखक हैं मार्टिन कोलाकोट। रिपोर्ट में बताया गया है कि विभिन्न खालिस्तानी आतंकवादी संगठनों के अतिरिक्त अनेक अन्य तरह के आतंकवादी संगठन भी कनाडा में सक्रिय हैं, और इनका संबंध अनेक अन्य चर्चित आतंकवादी हमलों से भी जुड़ा रहा है। रिपोर्ट ने स्पष्ट कहा है कि कई महत्त्वपूर्ण संदभरे में कनाडा की सरकार आतंकवाद के नियंत्रण के लिए असरदार कदम उठाने में असमर्थ रही है। रिपोर्ट ने बताया है कि खतरनाक आतंकी संगठनों पर सरकार प्रतिबंध नहीं लगा सकी और यहां तक कि ऐसे कुछ संगठन परोपकारी कार्य का आवरण लगा कर अपना प्रसार करते हैं, उस पर भी काफी समय तक रोक नहीं लग सकी। उनके विरुद्ध असरदार कार्रवाई करने के बहुत कम उदाहरण कनाडा में देखे गए हैं।

इतना ही नहीं, कुछ राजनीतिक दल और नेता भी अपने संकीर्ण स्वार्थी हितों के लिए ऐसी ढील देने की नीति अपनाते हैं। सीएसआईएस की रणनीतिक योजना के पूर्व मुख्य अधिकारी डेविड हैरिस से जब पूछा गया कि क्या कनाडा आतंकवादियों की सुरक्षित शरण स्थली बन रहा है, तो उन्होंने उत्तर दिया कि ऐसी आशंका का बड़ा खतरा है। उन्होंने कहा कि हमारे यहां 50 आतंकवादी संगठनों की उपस्थिति है, जिनमें से अनेक प्रमुख आतंकवादी संगठन हैं। वरिष्ठ पत्रकार एवं लेखक स्टीवर्ट बेल ने एक पुस्तक लिखी है, जिसका शीषर्क है-%कोल्ड टैरर-कनाडा नरचर्स एंड एक्सपोटर्स टैररिज्म थ्रूआउट द वर्ल्ड'। इसमें उन्होंने लिखा है कि कनाडा की आतंकी समस्याओं के कारण बहुत हिंसा हुई है, लोग मारे गए हैं। इससे कनाडा में समस्याएं बढ़ गई हैं, और कुछ समुदायों पर उग्रवादियों ने अपना नियंत्रण बढ़ा लिया है।

मेजर ग्रेग ले ने कनाडियन फोर्सेज कॉलेज के लिए एक अनुसंधान पत्र लिखा है, जिसका शीषर्क है, %द इवॉल्यूशन ऑफ टैररिज्म इन कनाडा-इन्क्रीज्ड थ्रेट इन अ कल्चर ऑफ इनडिफेरेंस'। इस अध्ययन में लिखा है कि आतंकियों की हिंसक और जबरदस्ती वाली प्रवृत्तियों से कनाडा के सिख समुदाय की समस्याएं और दुख-दर्द बढ़ गए हैं। बाब रे, जो आनटेरियो के मंत्री रह चुके थे, को कनिष्क त्रासदी की जांच का कार्य सौंपा गया। उन्होंने अपनी रिपोर्ट में बताया कि सिख समुदाय आतंकियों के दबाव से त्रस्त और परेशान है। इन सब तथ्यों को ध्यान में रखते हुए जरूरी है कि कनाडा सरकार आतंकवाद पर नियंत्रण रखने की अपनी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय जिम्मेदारी भली-भांति निभाए। **यह निजी विचार है।**

# 19 राज्यों में 27,000 से अधिक घरेलू बायोगैस संयंत्र स्थापित किए गए;

## नवंबर 2024 में कम मुद्रास्फीति दरों के साथ भारत का दुग्ध बाजार स्थिर; डेयरी संघों से मध्याह्न भोजन और एकीकृत बाल विकास योजना कार्यक्रमों में भागीदारी बढ़ाने का आग्रह किया गया




**पीआईबी।** देश में दुग्ध की स्थिति की समीक्षा के लिए 18 दिसंबर, 2024 को नई दिल्ली में मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय के पशुपालन और डेयरी विभाग (डीएएचडी) की सचिव श्रीमती अलका उपाध्याय की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई।

इस बैठक में राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (एनडीडीबी), भारतीय राष्ट्रीय सहकारी डेयरी संघ (एनसीडीएफआई) के प्रतिनिधियों के साथ-साथ देश भर के डीएएचडी और राज्य सहकारी डेयरी संघों के अधिकारियों ने भाग लिया। समीक्षा के दौरान देश में दुग्ध की स्थिति और राज्य दुग्ध संघों द्वारा की जा रही प्रगति पर विस्तार से चर्चा हुई।

सचिव (डीएएचडी), श्रीमती अलका उपाध्याय ने कहा कि भारत दुग्ध उत्पादन में विश्व स्तर पर शीर्ष स्थान रखता है। वर्ष 2023-24 में दूध का उत्पादन लगभग 239.3 मिलियन मीट्रिक टन रहा। उन्होंने कहा कि डेयरी संघों को उपभोक्ता हितों पर विचार करते हुए दूध की खरीद बढ़ाने और किसानों को दिए जाने वाले मूल्य में वृद्धि करने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। डीएएचडी की सचिव ने कहा कि देश में दूध की स्थिति स्थिर है और थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) और उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) दूध के लिए वर्ष प्रति वर्ष मुद्रास्फीति दरों के साथ क्रमशः नवंबर 2024 के लिए 2.09 और 2.85 दर्ज किए गए हैं। स्किम्ड मिल्क पाउडर, होल मिल्क पाउडर, सफेद मक्खन और घी का पर्याप्त स्टॉक है। साथ ही, वर्ष भर में दूध की खरीद और दूध की कीमतों में सुधार हुआ है। सचिव (डीएएचडी) ने सभी दुग्ध संघों को महिला एवं बाल विकास मंत्रालय (एमओडब्ल्यूसीडी) और मानव संसाधन विकास मंत्रालय (एमओएचआरडी) के मध्याह्न भोजन और एकीकृत बाल विकास सेवा (आईसीडीएस) कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी की सलाह दी, क्योंकि ये डेयरी क्षेत्र के लिए सबसे बड़े संस्थागत घरेलू बाजार का प्रतिनिधित्व करते हैं। बैठक के दौरान, अमूल (गुजरात), नंदिनी (कर्नाटक), सरस (राजस्थान), और मेघा (झारखंड) राज्यों के दुग्ध संघों द्वारा की गई पहलों की सराहना की गई और अन्य संघों से भी इन राज्यों की तरह प्रयास करने की सिफारिश की गई। डीएएचडी भी मध्याह्न भोजन और आईसीडीएस कार्यक्रमों में दूध को शामिल करने के लिए एमओडब्ल्यूसीडी और एमओएचआरडी के साथ लगातार सहयोग कर रहा है। उत्पादन के अनुरूप, प्रसंस्कृत डेयरी की खपत में 20 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। दुग्ध प्रसंस्करण को मूल्यवर्धित उत्पादों में आगे बढ़ाने के लिए आवश्यक रणनीतियों और पहलों के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई और तदनुसार एनडीडीबी द्वारा विस्तृत प्रस्तुतियां दी गईं, जिसमें डिब्बा बंद दूध और मूल्यवर्धित पेशकशों के लिए उपभोक्ताओं की बढ़ती प्राथमिकताओं के मद्देनजर राष्ट्रीय डेयरी विकास कार्यक्रम के तहत परियोजनाओं के मूल्यांकन के लिए राज्यों को सहयोग देने की पेशकश की गई।

समीक्षा के दौरान, एनडीडीबी द्वारा चक्रीय अर्थव्यवस्था पर एक प्रस्तुति दी गई, जिसमें डेयरी क्षेत्र के हस्तक्षेपों पर प्रकाश डाला गया। अपनी प्रस्तुति में राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड ने बायो गैस उत्पादन के जकारियापुरा मॉडल (घरेलू स्तर पर बायोगैस आधारित खाद मूल्य श्रृंखला मॉडल), बनासकांठा मॉडल (बायो सीबीजी और जैविक उर्वरक का उत्पादन करने के लिए गोबर आधारित बड़ी क्षमता वाला बायोगैस संयंत्र) और वाराणसी मॉडल (डेयरी प्लांट की भाप और बिजली की जरूरतों को पूरा करने के लिए गोबर आधारित बड़ी क्षमता वाला बायोगैस संयंत्र) प्रदर्शित किए। ये बायोगैस संयंत्र टिकाऊ हरित ईंधन ऊर्जा को बढ़ावा देकर और जैविक उर्वरकों का उत्पादन करके चक्रीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा दे रहे हैं।

अब तक देश भर के 19 राज्यों में विभिन्न योजनाओं/निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व/एनडीडीबी समर्थन आदि के माध्यम से 27,000 से अधिक घरेलू बायोगैस संयंत्र स्थापित किए जा चुके हैं। 140 मीट्रिक टन/दिन गोबर की कुल क्षमता वाले दो बड़े गोबर आधारित सीएनजी/बायोगैस संयंत्र पहले से ही संचालन में हैं तथा 675 मीट्रिक टन/दिन की संयुक्त क्षमता वाले 11 अन्य संयंत्र विभिन्न चरणों में कार्य शुरू करने की प्रक्रिया में हैं।

# पूर्वोत्तर क्षेत्र में बुनियादी ढांचा परियोजनाएं

**एजेंसी**



उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय (एमडीओएनईआर), पूर्वोत्तर क्षेत्र की राज्य सरकारों द्वारा प्रस्तावित परियोजनाओं को मंजूरी देकर विभिन्न योजनाओं जैसे पूर्वोत्तर विशेष अवसंरचना विकास योजना (एनईएसआईडीएस), पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिए प्रधानमंत्री विकास पहल (पीएम-डिवाइन) योजना, विशेष विकास पैकेज और एनईसी की योजनाओं के ज़रिए पूर्वोत्तर क्षेत्र में बुनियादी ढांचे के विकास के लिए राज्य सरकारों के प्रयासों का समर्थन करता है।

इसके अलावा, पूर्वोत्तर क्षेत्र में आधारभूत ढांचे के विकास और बेहतर सड़कों, रेल, जल, दूरसंचार और हवाई संपर्क मुहैया कराने के लिए भारत सरकार द्वारा कई पहलें की गई हैं, जिनमें अन्य पहलों के साथ-साथ पूर्वोत्तर के लिए विशेष त्वरित सड़क विकास कार्यक्रम, रेलवे लाइनों और राजधानी के संपर्क से जुड़ी रेल परियोजनाओं को ब्रॉड गेज में तब्दील करना, व्यापक दूरसंचार विकास कार्यक्रम और ट्रांसमिशन तथा वितरण प्रणाली आदि को और मज़बूत करने के लिए योजनाएं शामिल हैं।


इसके साथ ही, 54 गैर-छूट प्राप्त मंत्रालयों को पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिए अपनी योजनाओं/परियोजनाओं के ज़रिए पूर्वोत्तर क्षेत्र में अपनी सकल बजटीय सहायता का 10% खर्च करना अनिवार्य है।

एमडीओएनईआर ने पिछले 3 वित्तीय वर्षों 2021-22 से 2023-24 और चालू वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान पूर्वोत्तर विशेष अवसंरचना विकास योजना (एनईएसआईडीएस) के तहत 3417.68 करोड़ रुपये की लागत वाली 90 परियोजनाओं को मंजूरी दी है। एनईएसआईडीएस के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का क्रियान्वन, पूर्वोत्तर क्षेत्र की राज्य सरकारों (एनईआर) द्वारा किया जाता है और इन परियोजनाओं की निगरानी की प्राथमिक जिम्मेदारी संबंधित राज्य सरकारों की होती है।

एमडीओएनईआर विभिन्न स्तरों पर एनईएसआईडीएस के तहत चल रही परियोजनाओं की प्रगति की बारीक़ी से निगरानी भी करता है। एमडीओएनईआर की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत चल रही परियोजनाओं के नियमित निरीक्षण और निगरानी के लिए, मंत्रालय द्वारा सभी 8 पूर्वोत्तर राज्यों में फील्ड स्तरीय तकनीकी सहायता इकाइयां (एफटीएसयू) स्थापित की गई हैं, जिनमें अन्य सेवाओं के साथ ही एनईएसआईडीएस भी शामिल है। इसके अतिरिक्त, इन परियोजनाओं की निगरानी के लिए एमडीओएनईआर द्वारा हाल ही में परियोजना गुणवत्ता निगरानीकर्ताओं/तृतीय पक्ष तकनीकी निरीक्षण (पीक्यूएम/टीपीटीआई) एजेंसियों को भी नियुक्त किया गया है।

यह जानकारी उत्तर-पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री डॉ. सुकांत मजूमदार ने आज राज्यसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में दी।

## डॉ. रमन सिंह ने विधानसभा सचिवालय की 3 पुस्तकों का विमोचन किया



**रायपुर** छत्तीसगढ़ विधानसभा के रजत जयंती वर्ष के अवसर पर विधानसभा सचिवालय द्वारा प्रकाशित तीन किताबों का गुरुवार को विमोचन किया गया। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने विधानसभा परिसर स्थित अध्यक्ष के कक्ष में ष?ठ्म विधानसभा के सदस्यों की परिचयात्मक जानकारियों पर केन्द्रित प्रकाशन ''सदस्य परिचय षष्ठ्म विधानसभा'', ''छत्तीसगढ़ विधानसभा एक परिचय'' एवं विधान सभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के अध्यक्षीय कार्यकाल के ''प्रथम वर्ष'' का विमोचन किया गया।

इस अवसर पर संसदीय कार्यमंत्री केदार कश्यप, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेम प्रकाश पाण्डेय, पूर्व विधानसभा धरमलाल कौशिक, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, विधायकगण एवं विधानसभा के सचिव दिनेश शर्मा भी उपस्थित थे ।

''सदस्य परिचय ष?ठ्म विधानसभा'' पुस्तक में छत्तीसगढ विधानसभा के प्रत्येक सदस्य के जीवन परिचय के अंत में उनके निर्वाचन के परिणाम का विवरण निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के आधार पर सम्मिलित किया गया है।

## उद्यमियों का सशक्तिकरण: खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों के लिए अनुदान्र

खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय अपनी केंद्रीय क्षेत्र की योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री किसान संपदा योजना (पीएमकेएसवाई) योजना, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना (पीएलआईएसएफपीआई) और केंद्र प्रायोजित-प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम (पीएमएफएमई) योजना के माध्यम से देश भर में खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों की स्थापना/विस्तार को प्रोत्साहित कर रहा है। ये योजनाएँ क्षेत्र या राज्य विशेष से संबद्ध नहीं हैं, बल्कि मांग पर आधारित हैं। परियोजना निष्पादन एजेंसी (पीईए)/कार्यान्वयन एजेंसियां/संगठन जैसे सरकार/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम/संयुक्त उद्यम/एनजीओ/सहकारिताएं/स्वयं सहायता समूह (एसएचजी)/किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ)/किसान उत्पादक कंपनियां (एफपीसी)/निजी क्षेत्र की कंपनियां/साझेदारी फर्म/स्वामित्व वाली फर्म/व्यक्ति आदि खाद्य प्रसंस्करण उद्योग इन योजनाओं के अंतर्गत मंत्रालय ।




केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह नई दिल्ली में भारतीय राष्ट्रीय इंजीनियरिंग अकादमी के वार्षिक सम्मेलन में भाग लेते हुए.

# मध्य वायु कमान कमांडरों का सम्मेलन

**एजेंसी।**



भारतीय वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने मध्य वायु कमान (सीएसी) कमांडर्स कॉन्फ्रेंस 2024 के लिए 18 से 19 दिसंबर 24 तक सीएसी मुख्यालय का दौरा किया। मध्य वायु कमान के एयर ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित ने उनका स्वागत किया। इस अवसर पर वायु सेना प्रमुख को समारोहपूर्वक गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।

वायु सेना प्रमुख ने सम्मेलन के दौरान सीएसी एओआर के कमांडरों के साथ बातचीत की और भारतीय वायुसेना की परिचालन क्षमता को बढ़ाने में अपनी भूमिका से अवगत होने के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कमांडरों को मौजूदा सुरक्षा परिदृश्य, भारतीय वायुसेना की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में अवगत कराया और उभरती हुई चुनौतियों से निपटने के लिए उच्च स्तरीय तत्परता और सतर्कता बनाए रखने का आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने परिचालन तैयारियों को बढ़ाने, रखरखाव प्रथाओं पर ध्यान केंद्रित करने और मजबूत भौतिक और साइबर सुरक्षा सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कमांडरों से सुरक्षित परिचालन उड़ान वातावरण सुनिश्चित करने के लिए अपने प्रयास जारी रखने का आग्रह किया और नवाचार और आत्मनिर्भरता के माध्यम से भारतीय वायुसेना की क्षमता को बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया।

वायु सेना प्रमुख ने अपने संबोधन में भारतीय वायुसेना स्तर के अभ्यास, एचएडीआर संचालन और नागरिक प्रशासन को सहायता देने और भारतीय वायुसेना के मिशन, अखंडता और उत्कृष्टता के मूल्यों को सर्वोपरि रखने के लिए मध्य वायु कमान की भूमिका की सराहना की।

# पीएम गतिशक्ति के अंतर्गत नेटवर्क योजना समूह की 85वीं बैठक में प्रमुख रेल और सड़क अवसंरचना परियोजनाओं का आकलन किया गया



**पीआईबी** - नेटवर्क योजना समूह (एनपीजी) की 85वीं बैठक में पीएम गतिशक्ति एनएमपी के सिद्धांतों के अनुरूप पांच परियोजनाओं (2 रेलवे और 3 राजमार्ग विकास परियोजनाएं) का आकलन किया गया। इसके तहत मल्टीमॉडल इंफ्रास्ट्रक्चर का एकीकृत विकास, आर्थिक और सामाजिक ढांचे के लिए अंतिम-मील कनेक्टिविटी, इंटरमॉडल कनेक्टिविटी और समन्वित परियोजना कार्यान्वयन पर जोर दिया गया है। इन परियोजनाओं से लॉजिस्टिक दक्षता को बढ़ावा मिलने, यात्रा समय में कमी आने और पर्याप्त सामाजिक-आर्थिक लाभ के माध्यम से राष्ट्रीय विकास में महत्वपूर्ण मदद मिलने की उम्मीद है।

इन परियोजनाओं के पूरा होने पर देश के बुनियादी ढांचे के परिदृश्य में महत्वपूर्ण योगदान मिलने की उम्मीद है जिससे हर क्षेत्र में निर्बाध संपर्क सुविधा सुनिश्चित होगी। यह पहल एकीकृत और सतत विकास के लिए सरकार के दृष्टिकोण के अनुरूप है जिससे मल्टीमॉडल परिवहन प्रणालियों को मजबूत करने और महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचा सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी।

उद्योग संवर्धन एवं आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी) के संयुक्त सचिव डॉ. सुरेन्द्र अहिरवार ने इस बैठक की अध्यक्षता की।

इन परियोजनाओं का आकलन और संभावित प्रभाव निम्न प्रकार से हैं:

(क) रेल मंत्रालय की परियोजनाएं (एमओआर)

डांगोआपोसी-जारोली तीसरी और चौथी लाइन

झारखंड और ओडिशा में मौजूदा कॉरिडोर के समानांतर 85.88 किलोमीटर लंबी तीसरी और चौथी लाइन बनाने के लिए डांगोपोसी-जरोली परियोजना लाई गई है। ये लाइनें खनिज समृद्ध क्योंझर क्षेत्र से औद्योगिक केंद्रों और पारादीप बंदरगाह तक लौह अयस्क के परिवहन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी, जिससे कोयला, जिप्सम और उर्वरक जैसी थोक वस्तुओं की निर्बाध और कुशल ढुलाई सुनिश्चित होगी।

यह परियोजना क्षमता बढ़ाएगी, व्यापार दक्षता में सुधार करेगी और लौह अयस्क की तेजी से निकासी होगी जिससे पूर्वी और उत्तरी भारत में औद्योगिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान मिलेगा।

**बुढ़वल-गोंडा कचहरी चौथी लाइन**

बुढ़वल-गोंडा कचहरी परियोजना में 55.75 किलोमीटर लंबी चौथी रेल लाइन शामिल है, जो मौजूदा दोहरी लाइनों और चल रही तीसरी लाइन के काम को पूरक बनाती है। उत्तर प्रदेश में स्थित यह परियोजना बाराबंकी, बहराइच और गोंडा जिलों में संपर्क सुविधा को बढ़ाएगी जिससे यात्रियों की आवाजाही और माल ढुलाई में सुधार होगा।

क्षमता में वृद्धि के साथ, यह लाइन प्रमुख क्षेत्रों से पूर्वोत्तर तक कोयला, सीमेंट, उर्वरक और इस्पात सहित वस्तुओं की आवाजाही को सुव्यवस्थित करेगी जिससे रसद दक्षता और क्षेत्रीय संपर्क को बढ़ावा मिलेगा।

(ख) सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

**बाराबंकी-बहराइच**

बाराबंकी-बहराइच परियोजना एनएच-927 कॉरिडोर के 101.54 किलोमीटर हिस्से को छह लेन वाली संरचनाओं के साथ 4-लेन में उन्?नत करने पर केंद्रित है। यह बेहतर संपर्क सुविधा लखनऊ, श्रावस्ती एयरपोर्ट, एनएच-27 और भारत-नेपाल सीमा को जोड़ेगी जिससे उत्तर प्रदेश और उत्तर भारत में व्यापार में सुविधा होगी और यात्रा समय में कमी आएगी। यह परियोजना उद्योगों, पर्यटन और व्यापार गतिविधियों को बढाएगी और आर्थिक अवसरों का मार्ग प्रशस्?त होगा।

**कानपुर रिंग रोड-कबरई**

कानपुर-कबरई राजमार्ग परियोजना के तहत छह लेन वाली 118.8 किलोमीटर लंबी 4-लेन वाली ग्रीनफील्ड राजमार्ग परियोजना विकसित की जाएगी जो कानपुर रिंग रोड को एनएच-35 पर कबरई से जोड़ेगी। यह सात रेलवे स्टेशनों और तीन हवाई अड्डों को मल्टीमॉडल संपर्क सुविधा से जोड़ेगी जिससे कानपुर, हमीरपुर और महोबा जिलों तक पहुंचना आसान होगा।

यह परियोजना औद्योगिक विकास, पर्यटन और क्षेत्रीय एकीकरण को बढ़ावा देगी जिससे उत्तर प्रदेश की आर्थिक वृद्धि में महत्वपूर्ण योगदान मिलेगा।

सिंघाना-तीतंवर

सिंघाना-तितांवर परियोजना में राजस्थान में एनएच-311 के साथ 40.725 किलोमीटर लंबा 4-लेन एक्सेस-कंट्रोल्ड ग्रीनफील्ड हाईवे प्रस्तावित है। वर्तमान की सिंगल-टू-इंटरमीडिएट लेन रोड की चुनौतियों का समाधान करके यह परियोजना सीकर, नागौर, जोधपुर और दिल्ली में माल ढुलाई और यात्री आवाजाही में सुधार लाएगी।

इस परियोजना से सुचारू संचालन में सुविधा होगी, क्षेत्रीय व्यापार मजबूत होगा तथा राजस्थान, हरियाणा और दिल्ली क्षेत्र में आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा।

# जांजगीर में कांग्रेस जनों ने किया केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का पुतला दहन



जांजगीर चांपा /

संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान 18 दिसंबर 2024 को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा राज्यसभा में संविधान निर्माता , भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी के संदर्भ में दिए गए आपत्तिजनक बयान के विरोध में प्रदेश कांग्रेस के निर्देश पर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा,केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का पुतला दहन किया गया जिसमें प्रमुख रूप से जिला कांग्रेस कमेटी कार्यकारी जिला अध्यक्ष रमेश पैगवार , प्रदेश कांग्रेस कमेटी चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष डाक्टर परस शर्मा ,प्रदेश कांग्रेस सचिव गिरधारी यादव, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष विवेक सिसोदिया, रफीक सिद्धकी, उत्तम पाटले , सेवा दल के जिला अध्यक्ष देव कुमार पांडे,युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रिंस शर्मा, जिला कांग्रेस पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के अध्यक्ष लोकेश राठौर,जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री शिशिर द्विवेदी, अजीत सिंह राणा, नगर कांग्रेस कमेटी चांपा के अध्यक्ष सुनील साधवानी, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नवागढ़ के अध्यक्ष शत्रुघ्न दास महंत, पूर्व नगर पालिका चांपा के अध्यक्ष राजेश अग्रवाल, नागेंद्र गुप्ता, मुस्कान परवीन, एनएसयूआई के विधानसभा अध्यक्ष आकाश तिवारी, सुखराम गरेवाल , पवन कश्यप, केदार सिंह राठौर, विष्णु यादव, संतोष बबई गदेवाल, राइस किंग खुटे, विजय तिवारी, महेश्वर लदेर, नितेश भोलू यादव, सुजल राठौर, रामचरण कर्ष, देवानंद चौहान, गणपति करियारे, प्रदीप यादव, नरसिम्हा यादव ,शांति साहू आदि प्रमुख रूप से कांग्रेस जन उपस्थित हुए।

# जिला अस्पताल में सिकलसेल मरीजों का होगा उपचार



## कलेक्टर आकाश छिकारा ने जिला अस्पताल में सिकल सेल प्रबंधन केन्द्र का किया शुभारंभ

**जांजगीर चांपा /** कलेक्टर श्री आकाश छिकारा एवं सहायक कलेक्टर श्री दुर्गा प्रसाद अधिकारी ने जिला चिकित्सालय जांजगीर में सिकल सेल के मरीजो के समुचित जांच, उपचार एवं प्रबंधन हेतु सिकल सेल प्रबंधन का शुभारंभ किया। जिसमें कापन एवं नैला से आये हुए सिकल सेल एस.एस. के मरीजो को सिकल सेल कार्ड प्रदान करते हुए उनका उपचार किया गया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एंव स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. स्वाति वंदना सिसोदिया मौजूद रही।

सिविल सर्जन डॉ. दीपक जायसवाल के बताया कि सिकल सेल मरीजो को बार-बार ब्लड चढ़ाने की आवश्यकता होती है, इस उपचार से उनके दुषप्रभाव के साथ-साथ बार बार ब्लड चढ़ाने की आवश्यकता को भी कम किया जा सकता है। सिविल सर्जन ने समस्त मरीजो एवं आम जनता से अपील की है कि 0 से 40 वर्ष तक के सभी महिला एवं पुरुष जिला चिकित्सालय जांजगीर मे कक्ष क्र.15 में उक्त सुविधा का लाभ ले सकते है। आज के शुभारंभ कार्यक्रम में जिला चिकित्सालय जांजगीर के समस्त अधिकारी, कर्मचारी एवं डॉ. संदीप साहू.आर.एम.ओ., सिकल सेल प्रभारी डॉ. अश्विनी राठौर, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, श्री उत्कर्ष तिवारी, श्री अंकित ताम्रकार, जिला प्रबंधक अस्पताल के साथ मरीज एवं परिजनो के साथ जी.एन.एम. प्रशिक्षण केन्द्र के प्रशिक्षणार्थी उपस्थित थे।

## पहली रोटी गाय की...!

# गौ माता की सेवा से 33 करोड़ देवी देवताओं की सेवा हो जाती है.....श्रीमती संध्या अग्रवाल

**जांजगीर चांपा** - छत्तीसगढ़ प्रांतीय युवा अग्रवाल मंच महिला इकाई बिलासपुर शाखा की अध्यक्ष श्री मति संध्या अग्रवाल ने बताया, कि उक्त इकाई द्वारा 17 दिसंबर को शनिचरी बाजार जवाली पुल स्थित ÷बिलासपुर गौ सेवा धाम÷ में बीमार एवं एक्सीडेंटल गौ माताओ को 150 किलो चारा और 25 किलो गुड़ खिलाया गया तथा आगे भी यह गौ सेवा सतत जारी रखने का संकल्प सदस्यों द्वारा लिया गया।



उन्होंने आगे कहा, कि गौ माता की सेवा से 33 करोड़ देवी देवताओं की सेवा हो जाती है। साथ ही उन्होंने आव्हान किया कि ÷सभी अपने घरों मे पहली रोटी गाय की निकालने और गौ माता को खिलाने का संकल्प लेवें।÷

उन्होंने गौमाता के एक्सीडेंट आगे से कम हों, इस उद्देश्य से रेडियम बेल्ट लगाने को समयाचीन प्रतिपादित करते हुए बताया, कि हमारी इकाई द्वारा शीघ्र ही रेडियम बेल्ट भी लगाए जाएंगे। इस अवसर पर महामंत्री श्रीमति चंचल अग्रवाल ने वाहन चालकों से अपील, कि कृपया रोड पर गाड़ी धीरे चलाएं, जिससे गौवंश को घायल होने से बचाया जा सके। इस अवसर पर समिति के सदस्य ज्योति अग्रवाल, श्रुति अग्रवाल पूजा अग्रवाल, सुजीता अग्रवाल का सहयोग सराहनीय रहा। शहर वासियों ने ÷बिलासपुर गौ सेवा धाम÷ की उक्त सेवा के लिये महिला इकाई के सभी सदस्यों की प्रशंसा करते हुए कहा, कि ऐसी सेवा अद्भुत है, जहां बीमार घायल गौ सेवा होती हैं...!

# गुरु घासीदास की ख्याति विश्व स्तर पर है - राजेश्री महन्त

एजेंसी

महामंडलेश्वर राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास जी महाराज 18 दिसंबर को गुरु घासीदास जयंती के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। प्राप्त जानकारी के अनुसार सबसे पहले उन्होंने ग्राम भरेंगा तथा उसके पश्चात अभनपुर में आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित होकर जैतखंभ की पूजा अर्चना करके उपस्थित जन समूह को अपना आशीर्वाद प्रदान किया?। जयंती के अवसर पर उन्होंने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि- संत महात्मा किसी जाति धर्म या समुदाय के नहीं अपितु संपूर्ण समाज के होते हैं। संत गुरु घासीदास जी ने भी मानव मात्र के कल्याण के लिए कार्य किया। उनके सिद्धांत मनखे- मनखे एक समान काफी लोकप्रिय है। गुरु घासीदास जी की ख्याति अब केवल भारतवर्ष में नहीं अपितु विश्व स्तर पर है। उनके अनुयाई सभी जगह



निवासरत हैं। अभनपुर के कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व मंत्री धनेंद्र साहू ने भी लोगों को संबोधित किया और कहा कि- कांग्रेस के शासनकाल में भूपेश बघेल जी के समय में हम सभी ने छत्तीसगढ़ में सतनामी समाज के विकास के लिए कार्य किया, उन्हें आगे बढ़ाया वर्तमान समय में इस प्रक्रिया में कमी आई है। ग्राम भरेंगा के कार्यक्रम में लोगों को जैतू साव मठ के ट्रस्टी महेंद्र अग्रवाल एवं अजय तिवारी ने भी संबोधित किया?। दोनों कार्यक्रम में प्रमुख रूप से विद्या भूषण सोनवानी, पन्नालाल नारंग, मुरारी दास वैष्णव, रमेश दास वैष्णव, शरण साहू ,कार्यक्रम के संचालक पार्षद उग्रसेन जी तथा अवधेश सिंह ठाकुर ,प्रेमलाल गहिरवारे, श्रीमती गीता साहू, मुकेश गायकवाड, हरिराम भट्ट, अमर दास गायकवाड, महेश सोनवानी, नरेश गायकवाड, मीडिया प्रभारी निर्मल दास वैष्णव सहित अनेक गणमान्य नागरिक गण उपस्थित थे।

# भाजपा के मंडल अध्यक्ष घोषित



,एजेंसी

चुनाव अधिकारी ने की घोषणा समर्थ , निलेश , विश्वनाथ , लोकेश , पवन , ध्वजाराम व ओम श्रीवास बने अपने अपने मंडल के अध्यक्ष जांजगीर चांपा /भारतीय जनता पार्टी जिला जाँजगीर चाम्पा मे आज मंडल अध्यक्षों की घोषणा कर दी गई है । इस संबंध में आज सभी चुनाव अधिकारी व अपेक्षित कार्यकर्ताओ की बैठक रखी गई जिसको संबोधित करते हुए जिला चुनाव अधिकारी जोगेश लांबा ने कहा कि आप सभी चुनाव अधिकारी अपने अपना प्रभार मंडल मे यहा से जाकर बंद लिफाफे मे प्रदेश भाजपा संगठन द्वारा चुने गए नाम को सभी के सामने खोलकर चुनाव प्रक्रिया को निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराए और उनके कहे अनुसार सभी चुनाव प्रभारी अपने अपने मंडल के लिए प्रदेश नेतृत्व द्वारा तय किए गए एक नाम को सर्वसम्मति से घोषित कर दिए । इस दौरान जिले के सभी मंडलो के कार्यकर्ताओ मे घोषित नाम को लेकर हर्ष का माहौल था और जिले के सभी कार्यकर्ता ने अपने नए अध्यक्ष का मिठाई खिलाकर पटाखे फोड़कर भाजपा जिन्दाबाद के नारे लगाए । चुनाव अधिकारी द्वारा घोषित मंडल मे मुलमुला मंडल से विश्वनाथ प्रताप यादव , बलौदा मंडल से निलेश गुप्ता , अकलतरा ग्रामीण मंडल से पवन यादव , जांजगीर ग्रामीण से ध्वजाराम साहु ,शिवरीनारायण मंडल से लोकेश शुक्ला , पहरिया से ओम श्रीवास , नवागढ़ से समर्थ सिंह , नरियरा मंडल से प्रमोद कौशिक बनाए गए है । उक्त कार्यक्रम मे जिलाध्यक्ष गुलाब चंदेल , पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल , चुनाव सहप्रभारी लीलाधर सुल्तानीया, नंदनी रजवाड़े , सोशल मीडिया प्रदेश प्रभारी प्रशांत सिंह ठाकुर , जिला महामंत्री पुरूषोत्तम शर्मा , यशवंत साहू , दिनेश सिंह , अमर सुल्तानीया, आशुतोष गोस्वामी , भुवनेश्वर साहू , नंद चौधरी , रजनी साहू , धनंजय सिंह ठाकुर , मनोज मिश्रा , निरंजन कोसले , संतोष अग्रवाल , अभिमन्यु राठौर , भुवनेश्वर साहु , पंकज अग्रवाल ,अजित गढ़वाल , अमित यादव , अनिल शर्मा , रितेश अग्रवाल

# कच्चे घर से पक्के मकान का सफ़र, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत उर्मिला का सपना हुआ साकार

**अम्बिकापुर** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन में अब जरूरतमंद परिवारों का पक्का मकान बनकर तैयार हो रहा है। पक्के मकान होना, जो कभी सपना हुआ करता था, अब वह आकार ले रहा है। ऐसी ही एक कहानी है उर्मिला देवी की जिनके जीवन में प्रधानमंत्री आवास योजना से सकारात्मक बदलाव आया है।



**पक्के मकान का सपना हुआ साकार :** अम्बिकापुर नगर निगम पालिका क्षेत्र के झंझटपारा की रहने वाली उर्मिला देवी बताती हैं कि उनके पति राम सेवक यादव ठेला लगाकर फल बेचने का काम करते हैं। उन्होंने बताया कि उनके घर में पांच सदस्यों का परिवारों है। बेटा स्कूल में पढ़ाई कर रहा है और बेटी घर में रहती है। पति की आमदनी से घर का खर्च चलता है। उन्होंने बताया कि पक्का मकान बनाना हमारे लिए सपने जैसा था। कभी सोचा नहीं था कि अपना भी पक्का मकान बनेगा लेकिन प्रधानमंत्री आवास योजना ने हमारे सपने को आकार दिया।

**जरूरतमंद परिवारों का बना पक्का मकान तैयार :** उर्मिला देवी उन दिनों को याद कर भावुक हो जाती हैं जब कच्चे मकान में रहतीं थीं। बदलते मौसम के साथ ठंडी गर्मी तो जैसे तैसे निकल जाती, लेकिन सबसे ज्यादा तकलीफ़ बरसात में हुआ करती थी। बरसात के दिनों में घर में पानी भर जाता था। जिसकी वजह से भारी परेशानी होती थी। डर लग रहा था, कि कैसे रहेंगे। बारिश के पानी से खुद बचें या घर के समान को बचाएं। बस यही जद्दोजहद चलती थी। प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए हमने नगर निगम में आवेदन दिया था। जिसके फलस्वरूप हमारा भी पक्का मकान बना। आज पूरा परिवार भयमुक्त होकर पक्के मकान में निवास करता है।

उर्मिला देवी का कहना है कि प्रधानमंत्री आवास योजना हम जैसे गरीब और जरूरतमंद परिवारों के लिए वरदान है। जिसे छत्तीसगढ़ सरकार पूरा कर रही है। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का आभार जताया है।



## 108 संजीवनी एक्सप्रेस में एंबुलेंस स्टाफ द्वारा कराया गया सुरक्षित प्रसव

**जशपुरनगर (संवाददाता)।** प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बागबहार में एंबुलेंस के स्टाफके पास सुबह 8 बजे संपर्क किया गया और बताया गया कि लोकल तारवा पारा की गर्भवती महिला सरोज प्रसव पीड़ा में हैं। तब 108 संजीवनी एक्सप्रेस एंबुलेंस द्वारा प्रसव हेतु सरोज को सामुदायिक स्वास्थ्यक केन्द्र कांसाबेल लाया जा रहा था। इस दौरान रास्ते में दर्द बढ़ने के कारण 108 एंबुलेंस के स्टॉफद्वारा एंबुलेंस में ही उनका सुरक्षित प्रसव कराया गया। अभी माता और शिशु दोनां सुरक्षित है। उन्हे सीएचसी कांसाबेल में भर्ती कराया गया है।

## छत्तीसगढ़ युवा उत्सव के प्रतिभागियों को किया गया पुरस्कृत




रायपुर जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन जे.एन. पांडे शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में किया गया। जिले के प्रत्येक विकासखंड से युवाओं को सांस्कृतिक गतिविधियों से जोड़ने उनकी प्रतिभा को निखारने के उद्देश्य से विभिन्न विधाओं पर दो आयु वर्ग समूह 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग में किया गया। इसमें लोकनृत्य एकाकी, लोकनृत्य सामूहिक, लोकगीत गायन एकल व सामूहिक, चित्रकला प्रतियोगिता, वाद-विवाद तत्कालिक एवं समसामयिक विषयक, कविता पाठ, कहानी लेखन, प्रतियोगिता आयोजित किया गया। इसके अलावा कृषि उपकरण, विज्ञान मेला, हस्तशिल्प, टेक्सटाइल को लेकर प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। समापन समारोह एवं पुरस्कार वितरण जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप व नेहरू युवा केंद्र के राज्य निदेशक अतुल निगम ने सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए विजेता प्रतिभागियों की उज्जवल भविष्य की कामना की गई। जिसमें प्रत्येक विधा के विजेता प्रतिभागियों को मोमेंटो, शील्ड व निर्धारित राशि प्रदान कर पुरस्कृत किया गया।

# पंजाब की 47 बोतल विदेशी शराब के साथ 2 आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर** जिला रायपुर में अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई तेज करते हुए आबकारी विभाग ने दो अलग-अलग मामलों में 47 बोतल विदेशी शराब और एक दोपहिया वाहन जब्त किया है। आबकारी आयुक्त आर. शंगीता और कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई।

पहली कार्रवाई

18 दिसम्बर 2024 को लोहार चौक, वार्ड नंबर 64, थाना पुरानी बस्ती में छापामारी कर सतीश कौशल (पिता शिवनारायण कौशल) के कब्जे से 8 बोतल विदेशी शराब (रॉयल स्टैग और लायंस व्हिस्की, केवल पंजाब राज्य में बिक्री हेतु) बरामद की गई। बरामद शराब की मात्रा 6.0 बल्क लीटर थी, जिसकी बाजार



कीमत 6800 है।

इस दौरान परिवहन के लिए उपयोग किए गए दोपहिया वाहन (कीमत ?45000) को भी जब्त कर लिया गया। आरोपी को आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत गिरफ्तार किया गया।

**दूसरी कार्रवाई** 19 दिसम्बर 2024 को दीपक खंडेलवाल (पिता लक्ष्मीनारायण खंडेलवाल, निवासी रामसागर पारा, वार्ड नंबर 37, थाना मौदहापारा) के घर से 39 बोतल विदेशी शराब (रॉयल स्टैग और लायंस व्हिस्की) बरामद की गई। बरामद शराब की मात्रा 29.25 बल्क लीटर थी, जिसकी बाजार कीमत ?37800 है।

इस मामले में भी आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत आरोपी को गिरफ्तार किया गया।

**आबकारी अधिकारियों की भूमिका** दोनों कार्रवाइयों में सहायक जिला आबकारी अधिकारी राजेंद्रनाथ तिवारी, डी.डी. पटेल, आशीष सिंह, वैभव मित्तल, रविशंकर पैकरा, जेबा खान और आबकारी उप निरीक्षक प्रकाश देशमुख एवं कौशल किशोर सोनी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

रायपुर जिले में अवैध शराब और अन्य आबकारी अपराधों पर नियंत्रण के लिए अभियान लगातार जारी रहेगा। नागरिक आबकारी अपराध से संबंधित शिकायतें और सूचनाएं आबकारी नियंत्रण कक्ष, रायपुर (दूरभाषः 0771-2428201) पर दर्ज करा सकते हैं।

खास खबर

## नगरीय निकायों के वार्डों के प्रवर्गवार आरक्षण की कार्यवाही 19 को

**कोरबा** कोरबा जिले के सभी नगरीय निकायों में वार्डवार आरक्षण की प्रक्रिया के लिए कलेक्टर अजीत वसंत ने तिथि निर्धारित की है। निगमायुक्त श्री आशुतोष पांडेय को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। नगरीय निकायों के वार्डों का प्रवर्गवार आरक्षण हेतु संबंधित अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है। सभी नगरीय निकाय-नगर पालिक निगम कोरबा, नगर पालिका परिषद दीपका, नगरपालिका परिषद बांकीमोंगरा, नगर पालिका परिषद कटघोरा, नगर पंचायत छुरीकला और नगर पंचायत पाली के वार्डों के आरक्षण की कार्यवाही 19 दिसम्बर को दोपहर 03 बजे कलेक्ट्रेट कोरबा के नवीन सभाकक्ष में की जाएगी। आरक्षण की प्रक्रिया में जो नागरिक उपस्थित रहना चाहते हैं वे उपस्थित रह सकते हैं।

## क्रिसमस से पहले मसीह समाज ने निकाली रैली

**कोरबा।** क्रिसमस से पहले मसीह समाज ने रैली निकाली, रैली में भारी संख्या में महिला और पुरुष शामिल हुए। सभी नाचते गाते हुए प्रभु यीशु के जन्म का संदेश दे रहे थे। इस रैली में बड़ी संख्या में समाज के सदस्य सपरिवार सम्मिलित हुए।

केसीडब्ल्यूईएस के तत्वाधान में मसीही समाज के अनुयायियों ने शहर में सोमवार को गीत संगीत के साथ रैली निकाली। क्रिसमस के पहले प्रभु यीशु के जन्म का संदेश देने के लिए इस रैली का आयोजन किया गया था, इसमें मसीह समाज के लोग बड़ी तादाद में शामिल हुए। झूमते-नाचते मसीह समाज के लोगों ने प्रभु यीशु के आगमन का संदेश दिया। इस दौरान रैली में पादरी ने शहर के बीचो-बीच अमन चैन की प्रार्थना भी की। रैली में बड़ी तादाद में युवातियों ने हिस्सा लिया। क्रिसमस से पहले निकाली रैलीरू प्रत्येक साल 25 दिसंबर को क्रिसमस मनाया जाता है। जिले भर के चर्च में इसे लेकर खास तैयारी की गई है। सोमवार को जिस रैली का आयोजन किया गया था, उसे 100 साल पुराने मेनोनाइट चर्च से शुरू किया गया, इसके बाद शहर के पावर हाउस रोड से होते हुए टीपी नगर और सीएसईबी से घंटा घर चैक ओपन थियेटर तक यही रैली निकाली गई। इसमें लोग प्रभु यीशु के जन्मोत्सव की खुशी मना रहे थे।

अध्यक्ष सीमा गोस्वामी ने जानकारी दी प्रभु यीशु मसीह इस संसार में इस लिए आए थे ताकि मानव एक अच्छा जीवन जी सकें। संसार में आकर उन्होंने यह संदेश दिया कि अपने पापों का पश्चाताप करो, क्योंकि परमेश्वर का राज आने वाला है।

अध्यक्ष गोस्वामी ने पूरे समाज की ओर से जिले वासियों को क्रिसमस पर्व की बधाई दी है।केसीडब्ल्यूईएस के सचिव राज कुमार दान ने बताया कि क्रिसमस मसीह समाज का एक महत्वपूर्ण पर्व है जिसे हम बड़े ही आनंद के साथ मनाते हैं, और इस खुशी को पूरे नगर में बांटने के लिए इस रैली का हमने आयोजन किया गया है।

# वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी ने हरी झंडी दिखाकर एम्बुलेंस को किया रवाना

### जरूरतमंद मरीजों को मिलेगा एम्बुलेंस का लाभ, स्वास्थ्य सेवाओं में हो रहा विस्तार

**रायगढ़,** वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी ने आज विधायक कार्यालय रायगढ़ से विधायक निधि से खरीदी हुई दो एम्बुलेंस को आज हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि जिले के काफी सारे जनकल्याणकारी कार्य किए जा रहे है, लेकिन विधायक निधि से एम्बुलेंस देकर आत्मिक संतुष्टि मिल रही है। इससे स्वास्थ्य विभाग के साथ ही जरूरतमंद मरीजों को इसका लाभ मिल पाएगा और स्वास्थ्य सुविधा के क्षेत्र में विस्तार होगा।

उल्लेखनीय है कि एसयूवी टाईप एम्बुलेंस से छोटे गलियों में पहुंचने में सुविधा होने के साथ ही मरीजों को स्थानांतरित करने एवं त्वरित इलाज मिलने में आसानी होगी। इस अवसर पर श्री गुरूपाल भल्ला, मुकेश जैन, श्री विवेक रंजन सिन्हा, नेता प्रतिपक्ष नगर निगम पूनम सोलंकी, सुभाष पाण्डेय, श्री पंकज कंकरवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।






## ईपीएफओ ने उच्च वेतन पर पेंशन के लिए 31 जनवरी 25 तक दिया अंतिम अवसर

एजेंसी। ईपीएफओ द्वारा उच्च वेतन पर पेंशन के लिए विकल्पों/संयुक्त विकल्पों के सत्यापन हेतु आवेदन जमा करने के लिए एक ऑनलाइन सुविधा उपलब्ध कराई गई थी। यह सुविधा सर्वोच्च न्यायालय के 04.11.2022 के आदेश के अनुपालन में पात्र पेंशनभोगियों/सदस्यों के लिए थी। यह सुविधा 26.02.2023 को शुरू की गई थी और इसे 03.05.2023 तक उपलब्ध रहना था। हालांकि, कर्मचारियों के निवेदन पर विचार करते हुए, पात्र पेंशनभोगियों/सदस्यों को आवेदन दाखिल करने के लिए फिर पूरे चार महीने का समय दिया गया और इसे 26.06.2023 तक बढ़ा दिया गया था।इस संदर्भ में उल्?लेनीय है कि पात्र पेंशनभोगियों/सदस्यों को होने वाली किसी भी कठिनाई को दूर करने के लिए फिर 15 दिनों का समय दिया गया। तदनुसार, कर्मचारियों द्वारा विकल्प/संयुक्त विकल्प के सत्यापन हेतु आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 11.07.2023 तक बढ़ा दी गई और पेंशनभोगियों/सदस्यों से विकल्प/संयुक्त विकल्प के सत्यापन हेतु कुल 17.49 लाख आवेदन प्राप्त हुए। नियोक्ताओं एवं नियोक्ता संघों से प्राप्त निवेदन के मद्देनजर, जिनमें आवेदक पेंशनभोगियों/सदस्यों के वेतन विवरण अपलोड करने की समयावधि बढ़ाने का अनुरोध किया गया था, नियोक्ताओं को वेतन विवरण आदि ऑनलाइन जमा करने के लिए 30.09.2023 तक पुनः 31.12.2023 तक तथा उसके बाद भी 31.05.2024 तक कई अवसर दिए गए।

# गंभीर मरीजो को ईलाज हेतु सीएम ने स्वीकृत किए कुल 35 लाख 24 हजार रूपये

एजेंसी।

मुख्यमंत्री विशेष सहायता योजना अंतर्गत राज्य शासन द्वारा कैंसर एवं अन्य गंभीर जानलेवा बिमारी से जूझ रहे राजनांदगॉव जिले के बारह मरीजो को कुल 35 लाख 24 हजार रू. की राशि अस्पताल के खाते में भुगतान करके पीड़ित गरीब मरीजों के ईलाज की व्यवस्था की गई है। इन सभी मरीजों ने पूर्व सांसद राजनांदगॉव एवं प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव से समक्ष भेंट करके अपनी पीड़ा से अवगत कराते हुए इलाज हेतु सरकारी मदद दिलाने की गुहार लगाई थी। निजी अस्पताल में ईलाज के दौरान होने वाले लमसम खर्च को वहन करने में असक्षम इन मरीजों के परिजनों से प्राप्त आवेदन पर त्वरित पत्राचार करते हुए पूर्व सांसद मधुसूदन द्वारा विष्णुदेव साय, मुख्यमंत्री छ.ग.शासन एवं डॉ. रमन सिंह, अध्यक्ष छ.ग. विधानसभा एवं विधायक राजनांदगॉव को अवगत कराया गया। इन मरीजों को निजी अस्पताल में भर्ती करवाने एवं इलाज हेतु तत्परता से



चिकित्सकीय औपचारिकताएँ पूर्ण करवाने में राजनांदगॉव सांसद संतोष पाण्डेय, पूर्व सांसद अभिषेक सिंह एवं समाजसेवी राजेन्द्र (बन्टू) जैन का भी विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। विधानसभा अध्यक्ष डॉ0 रमन ने भी इन सभी मरीजों के प्रकरण में संवेदनशीलता एवं सह्रदयता का परिचय देते हुए मुख्यमंत्री को मरीज के उपचार हेतु तत्काल राशि जारी करने हेतु अनुशंसा की, जिसके पश्चात् सीएम के आदेश पर मुख्यमंत्री विशेष सहायता योजना अंतर्गत इन मरीजों के उपचार हेतु संबंधित चिकित्सालयों को, प्राप्त प्राक्कलन के आधार पर, कुल 35 लाख 24 हजार रूपये की सहायता राशि संबंधित चिकित्सालयों को जारी करके मरीजों को राहत प्रदान की गई है। उक्त स्वीकृति आदेश की एक प्रति पूर्व सांसद मधुसूदन यादव ने अपने हॉथों से मरीज मुरलीधर तिवारी, ग्राम पाटेकोहरा एवं अन्य के परिजनों को सौंपते हुए मरीज और परिजनों के जीवन में पुनः खुशियॉ बिखेर दी। इलाज हेतु राज्य शासन से आर्थिक मदद स्वीकृत होने पर सभी मरीजों एवं उनके परिजनों ने हार्दिक प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसके लिये मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ0 रमन सिंह, राजनांदगॉव सांसद संतोष पाण्डे, पूर्व सांसद अभिषेक सिंह, पूर्व सांसद मधुसूदन यादव एवं समाजसेवी राजेन्द्र जैन (बन्टू) को धन्यवाद देते हुए उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त की है। गंभीर जानलेवा बीमारी से पीड़ित मरीज मुरलीधर तिवारी, पिता व्यासनारायण निवासी ग्राम पाटेकोहरा राज0 को अग्नाशय एवं पेट में संक्रमण रोग के उपचार हेतु 2 लाख 50 हजार रू., मरीज कु. सौम्या साहू आ0 कमलेश साहू निवासी वार्ड नं.01, बजरंगपुर नवागॉव को ऑखों के ईलाज हेतु 28 हजार रू., श्रीमती कुसुम-गिरीश साहू निवासी ग्राम शिकारीमाहका (छुरिया) की 01 माह के नवजात शिशु को क्रिटीकल केयर हेतु 2 लाख 60 हजार रू., मरीज प्रफुल्ल कुमार ठक्कर पिता महंत जी ठक्कर निवासी लाल बाग सिंधी कॉलोनी, राज0 को गैंगरीन संक्रमण के उपचार हेतु 01 लाख 14 हजार रू., मरीज ।




## स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित

**कोरबा** । रक्तदान की प्रवृत्ति को बढ़ावा देने और मानवता की सेवा करने के उद्देश्य से कटघोरा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मंगलवार को स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। 100 यूनिट रक्तदान इस शिविर में लोगों के द्वारा किया गया।

विकासखंड चिकित्सा अधिकारी डॉ रंजना तिर्की ने बताया कि मुकुटधर पांडे स्नातक महाविद्यालय से 25, एग्रीकल्चर कॉलेज से 50, जनपद पंचायत से और पुलिस विभाग से 25 लोगों के अलावा अन्य लोगों ने भी शिविर में अपनी भागीदारी की और रक्तदान किया। ऐसे सभी लोगों के द्वारा दिए गए रक्त से अस्पताल में विशेष मामलों में मरीज को रक्त उपलब्ध कराया जाना आसान होगा। चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि सरकार की योजना के अंतर्गत लगातार इस प्रकार की कोशिश क्षेत्र में की जा रही है। इसके साथ ही रक्तदाताओं को हम प्रोत्साहित भी कर रहे हैं।

## सट्टेबाजों के खाईवाल दिनेश टेकवानी गिरफ्तार

बिलासपुर संवाददाता।

बिलासपुर में पुलिस ने सट्टेबाजों के खाईवाल दिनेश टेकवानी को गिरफ्तार किया है। वो अवैध कारोबार चलाने के लिए 20 हजार रुपए की सैलरी पर एजेंट रखता है। पुलिस ने उसके एक एजेंट को भी गिरफ्तार किया है। उसके पास से एक लैपटॉप, पांच मोबाइल फोन, लाखों रुपए की सट्टा पर्चियां और 8500 रुपए नकद बरामद किए गए हैं। मामला तोरवा थाना क्षेत्र का है। दरअसल, एसपी रजनेश सिंह ने सभी पुलिस अफसरों और थानेदारों को जुआ-सट्टा पर सख्ती से कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। इसके बाद भी शहर में बड़े पैमाने पर सट्टे का कारोबार चल रहा है। तोरवा क्षेत्र में सट्टेबाजी की लगातार शिकायतें मिल रही थी।



ऐसे में पुलिस की टीम सट्टा लिखने वाले कर्मचारियों को पकड़कर खानापूर्ति कर लेती थी, जिस पर एसपी सिंह ने नाराजगी जताते हुए सट्टेबाजों के सरगना को पकड़ने कहा और सख्ती से कार्रवाई करने के निर्देश दिए। बुधवार को पुलिस को सूचना मिली कि तोरवा के संतोषी मंदिर स्थित शंभू पान ठेला के पास सट्टा चल रहा है। खबर मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। इस दौरान टीम ने अनिल गंगवानी (37) पिता इंद्रजीत गंगवानी को दबोच लिया। वह खुलेआम सट्टा लिख रहा था और लैपटॉप में एंट्री भी कर रहा था। उसके पास से लैपटॉप, पांच मोबाइल, 8500 रुपए कैश और लाखों रुपए की सट्टापट्टी जब्त की गई।

# गांव में घुसा घायल जंगली हाथी, ग्रामीणों में दहशत

एजेंसी

छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में आए दिन जंगली हाथियों के आतंक की खबरें आती रहती हैं. आज सुबह करीब 6 बजे फिर से एक घायल हाथी जंगल से निकल कर गांव के अंदर आ गया, जिसे देखते ही ग्रामीणों में दहशत फैल गई. इसके बाद सैंकड़ों की सख्या में ग्रामीणों ने हाथी को गांव में घुसने से रोकने के लिए कई कोशिशें की जिसके बाद हाथी मौके से दूर चला गया. हालांकि ग्रामीणों में हाथियों के कभी भी घुस आने और उत्पात मचाने को लेकर ग्रामीणों में भय का माहौल बना हूआ है।



जानकारी के मुताबिक, घायल हाथी जंगल से करतला बस्ती में महाविद्यालय के सामने आ पहुंचा. हाथी को देखते ही लोगों में अफरा तफरी मच गई, जिसके बाद स्थानीय लोग और आस-पास के गांव से ग्रामीणों ने भारी संख्या में पहुंचकर उसे गांव से वापस जंगल भेजने की कोशिश करते रहे. लोगों ने ट्रैक्टर-बाइक को चालू कर और टीपा बजाकर हाथी को भगाने की कोशिश की. हालांकि पुलिस कर्मचारी और वन विभाग की टीम ने ग्रामीणों को हाथी के करीब जाने से रोका और हाथी पर नजर बनाए हुए हैं।

# बंधा तालाब के पुनर्विकास के लिए 1.79 करोड़ के कार्यों का विधायक ने किया भूमिपूजन

एजेंसी

**बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं विधायक लता उसेण्डी ने बुधवार को जिला मुख्यालय कोण्डागांव स्थित बंधा तालाब के मरम्मत एवं पुनर्विकास के लिए कुल 01 करोड़ 79 लाख रुपए लागत के कार्यों का भूमि पूजन किया। जिला निर्माण समिति कोण्डागांव के माध्यम से जिला मुख्यालय कोण्डागांव स्थित बंधा तालाब का मरम्मत एवं पुनर्विकास कार्य लागत 34.48 लाख रुपए, पुनर्विकास कार्य (सिविल कार्य) लागत 46.99 लाख रुपए, पुनर्विकास कार्य (विद्युतीकरण कार्य) लागत 47.96 लाख रुपए और मरम्मत एवं पुनर्विकास कार्य (विद्युतीकरण कार्य) लागत 49.87 लाख रुपए का कार्य शामिल है।**



विधायक लता उसेंडी ने कहा कि जिला बनने के बाद हमारी सरकार ने कोण्डागांव में विकास के नए आयाम स्थापित किया है। आने वाले समय में बेहतर व्यवस्था हो और विकास होगा। कोंडागांव शहर शिल्प कला के कारण विख्यात है और विश्व में एक अलग ही पहचान है। इसी तरह अन्य क्षेत्रों में भी पहचान बने, इस दिशा में प्रयासरत हैं और काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि नगर विकास के अभी और कार्य करना है। उन्होंने बताया कि बस्तर आर्ट और अन्य सांस्कृतिक केंद्रों को विकसित कर कोण्डागांव को पर्यटन हब बनाने की दिशा में काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कोण्डागांव के विकास की गति को बनाए रखने में आप सभी का सहयोग आवश्यक है। उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को धन्यवाद देते हुए कहा कि महतारी वंदन योजना के तहत जिले के महिला हितग्राहियों के खाते में एक महीने में 17 करोड़ रुपए की राशि अंतरित हो रही है, जिससे जिले की महिलाएं आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर हो रही हैं।

# महतारी वंदन योजना महिलाओं को आर्थिक स्वतंत्रता व सामाजिक सशक्तिकरण के अवसर कर रही प्रदान

### विद्या ध्रुव, संतोषी कश्यप जैसी लाखों महिलाएं महतारी वंदन योजना से बनी आत्मनिर्भर

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ सरकार की महतारी वंदन योजना एक महत्वाकांक्षी पहल है, जो ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों की महिलाओं को आर्थिक स्वतंत्रता और सामाजिक सशक्तिकरण के अवसर प्रदान करती है। जिससे वे स्वावलंबन की पथ पर अग्रसर हो सकें। यह योजना न केवल महिला सशक्तिकरण का प्रतीक बन रही है, बल्कि पूरे समाज के विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। कोरबा नगरीय क्षेत्र के बालको निवासी श्रीमती संतोषी कश्यप, श्रीमती रोशनी बेक, श्रीमती कंचन कंवर, श्रीमती उर्मिला भास्कर सहित अन्य महिलाओं ने महतारी वंदन योजना की सराहना करते हुए कहा कि इस योजना के तहत उन्हें आर्थिक स्वतंत्रता मिली है, जिससे वे अब



अपनी ज़रूरतों को आसानी से पूरा कर पा रही हैं। उन्होंने आगे कहा कि यह योजना न केवल उनके जीवन को बेहतर बना रही है, साथ ही अपने परिवार का भरण-पोषण बेहतर तरीके से कर पा रही है। जो समाज में सकारात्मक बदलाव का कारण बन रहा है। इसी प्रकार पथर्रीपारा निवासी श्रीमती विद्या ध्रुव ने महतारी वंदन योजना से प्राप्त लाभ की जानकारी साझा करते हुए कहा कि इस योजना ने उन्हें स्वावलंबन के सशक्त अवसर प्रदान किए हैं, जिससे उनका आत्मविश्वास बढ़ा है और अब वे समाज में समान अधिकारों के साथ अपनी पहचान बना रही हैं। साथ ही, वे अपने पैरों पर खड़ी होकर अपने परिवार के जीवन यापन में सहयोग प्रदान करने में सक्षम हो पाई हैं। महतारी वंदन योजना से ऐसी कई महिलाओं के जीवन में बदलाव आया है। इस योजना के माध्यम से महिलाएं न केवल खुद को आर्थिक रूप से सशक्त बना रही हैं, बल्कि वे अपने परिवारों के लिए एक प्रेरणा भी बन रही हैं।

## खास खबर

### विधायकों दैनिक भत्ता एक हजार से बढ़कर हुआ दो हजार

रायपुर, 19 दिसम्बर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ विधानसभा में एक अहम संशोधन विधायक पारित हुआ है, जिसके तहत अब विधायकों का दैनिक भत्ता एक हजार से बढ़ाकर दो हजार रूपये कर दिया गया है। यह वृद्धि विधानसभा से पारित संशोधन विधेयक के तहत की गई है। यह प्रस्ताव विधानसभा में सर्वसम्मति से पारित किया गया है जिसके तहत राज्य के सभी विधायकों को दैनिक भत्ता दोगुना होकर मिलेगा।

### आईइडी ब्लास्ट की चपेट में आकर मादा भालू व शावक की मौत

दंतेवाड़ा, 19 दिसंबर (आरएनएस)। दंतेवाड़ा जिले के हांदावाड़ा व कोशलनार कुर्सीगबहार में माओवादियों के द्वारा बिछाए गये आईइडी के चपेट में आकर एक मादा भालू व शावक की मौत हो गई है। इस घटना को लेकर लोगों में रोष व्याप्त है। लोगों का कहना है कि नक्सल हिंसा सिर्फ सुरक्षाबलों के जवानों को ही नही बल्कि बेजुबान जानवरों को भी शिकार बना रही है। यह अत्याचार अब बंद होना चाहिए तथा सरकार को पूरे बस्तर को नक्सल समस्या से जल्द मुक्त करना चाहिए।

### जोगी परिवार की कांग्रेस में वापसी के संकेत

रायपुर, 19 दिसंबर (आरएनएस)। कांग्रेस में जल्द ही जोगी परिवार की वापसी हो सकती है। जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज को पत्र लिखकर विलय का प्रस्ताव भेजा है। जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) की राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. रेणु जोगी ने पत्र में लिखा है कि प्रदेश के पहले मुख्यमंत्री स्व. अजीत जोगी की गठित पार्टी की विचारधारा कांग्रेस की है। पार्टी की कोर कमेटी ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया है कि पार्टी का कांग्रेस में विलय हो। सभी पदाधिकारी और सदस्य कांग्रेस में प्रवेश करना चाहते हैं। डॉ. रेणु जोगी ने प्रवेश कराने का अनुरोध किया है। बताते चलें कि जोगी परिवार की कांग्रेस में वापसी के प्रयास कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट की ओर से समिति गठित करते ही शुरू हो गई थी। विधानसभा और लोकसभा चुनावों से पहले कुछ नेता पार्टी छोड़कर भाजपा में शामिल हो गए थे। कुछ को पार्टी के खिलाफ काम करने पर हटाया गया था।

### नर हाथी जंगल में मृत अवस्था में मिला

बलरामपुर-रायपुर, 19 दिसंबर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिले के रामानुजगंज वन परिक्षेत्र में एक नर हाथी जंगल में मृत अवस्था में पाया गया है. हाथी का शव छतवा हरीहरपुर रोड के पास जंगल में मिला है. सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और हाथी की मौत के कारणों का पता लगाने की कोशिश में जुट गई है. डीएफओ सहित बड़ी संख्या में वन विभाग के अधिकारी और कर्मचारी घटना स्थल पर मौजूद हैं और मामले की जांच कर रहे हैं।

### सालों से लंबित अनुकंपा नियुक्ति के 353 प्रकरणों को उप मुख्यमंत्री ने दी स्वीकृति

रायपुर, 19 दिसंबर (आरएनएस)। सालों से लंबित अनुकंपा नियुक्ति के 353 प्रकरणों को उप मुख्यमंत्री ने स्वीकृति दे दी है. इन लोगों को नगर निगम, नगर पालिका, नगर परिषद, नगर पंचायत में भृत्य, सफाईकर्मी, चौकीदार, माली, वाहन चालक, और तृतीय श्रेणी अन्य पदों पर अनुकंपा नियुक्ति दी जाएगी. इसका आदेश नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग मंत्रालय ने जारी किया है।

### 108 संजीवनी एक्सप्रेस में एंबुलेंस स्टाफने कराया सुरक्षित प्रसव

जशपुरनगर, 19 दिसम्बर (आरएनएस)। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बागबहार में एंबुलेंस के स्टाफके पास सुबह 8 बजे संपर्क किया गया और बताया गया कि लोकल तारवा पारा की गर्भवती महिला श्रीमती सरोज प्रसव पीड़ा में हैं। तब 108 संजीवनी एक्सप्रेस एंबुलेंस द्वारा प्रसव हेतु श्रीमती सरोज को सामुदायिक स्वास्थ्यक केन्द्र कांसाबेल लाया जा रहा था। इस दौरान रास्ते में दर्द बढ़ने के कारण 108 एंबुलेंस के स्टॉफद्वारा एंबुलेंस में ही उनका सुरक्षित प्रसव कराया गया। अभी माता और शिशु दोनां सुरक्षित है। उन्हे सीएचसी कांसाबेल में भर्ती कराया गया है।

### राज्यपाल रमेन डेका ने राजभवन में प्रदेश के सभी निजी विश्वविद्यालयों की समीक्षा बैठक ली

रायपुर, 19 दिसम्बर (आरएनएस)। राज्यपाल रमेन डेका द्वारा आज राजभवन में प्रदेश के सभी निजी विश्वविद्यालयों की समीक्षा बैठक ली गई। बैठक में उच्च शिक्षा विभाग के सचिव आर. प्रसन्ना, राज्यपाल के सचिव यशवंत कुमार, संयुक्त सचिव हिना अनिमेष नेताम, राज्य निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग के अध्यक्ष बृजेश चंद्र मिश्रा सहित सभी विश्वविद्यालयों के कुलपति उपस्थित रहे।

### शारदा मेहत्तर को मिली अनुकम्पा नियुक्ति

धमतरी-रायपुर, 19 दिसंबर (आरएनएस)। लोक निर्माण विभाग धमतरी में कार्यरत अकुशल श्रमिक (का./भा.) संतोष कुमार मेहत्तर की मृत्यु होने के मद्देनजर उनकी पत्नी मती शारदा मेहत्तर को कार्यभारित स्थापना में अकुशल श्रमिक के पद पर नियमित वेतन बैंड 4700-7440-ग्रेड वेतन 1300 में प्रतिमाह तथा शासन द्वारा समय-समय पर स्वीकृत महंगाई भत्ते पर अस्थायी तौर पर अनुकम्पा नियुक्ति करते हुए लोक निर्माण विभाग धमतरी में पदस्थ किया गया है। कलेक्टर सु नम्रता गांधी ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में मती शारदा मेहत्तर को अनुकम्पा नियुक्ति संबंधी आदेश पत्र को सौंपा। कार्यपालन अभियंता, लोक निर्माण विभाग संतोष

# साय सरकार में प्रदेश में हो रही है विकास के कार्य साय-साय : अश्विनी गुप्ता

### छत्तीसगढ़ सरकार का 1 साल बेमिसाल



रायपुर, 19 दिसंबर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ में सरकार के 1 साल पूरे होने पर जनादेश पर्व मनाया जा रहा है , अश्विनी गुप्ता भाजपा युवा मोर्चा के जिला महामंत्री ने गिनाई सरकार की उपलब्धियां । अश्विनी गुप्ता ने इस दौरान कहा कि हमने बनाया है हम ही सवारेंगे । पीएम नरेन्द्र मोदी और छत्तीसगढ़ में विष्णु देव साय की नेतृत्व वाली सरकार जनता की सेवा के लिए तत्पर होकर काम कर रही है। डबल इंजन की सरकार होने की वजह से लोगों को डबल लाभ हो रहा है। सरकार बनते ही कैबिनेट की बैठक में प्रदेश के 18 लाख से अधिक जरूरतमंदों के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना की स्वीकृति दी गई। मोदी की गारंटी के अनुरूप यहां किसानों से 3100 रुपये प्रति क्विंटल में धान खरीदी की जा रही है। किसानों को उनके हक का 3716 करोड़ रुपये धान के बकाया दो साल के बोनस का भुगतान भी किया गया है। तेंदूपत्ता संग्रहण की राशि हमने 4 हजार रुपए प्रति मानक बोरा से बढ़ाकर साढ़े 5 हजार रुपए कर दी। विष्णु देव साय सरकार पिछले 1 साल में अपने घोषणा पत्र के ज्यादातर वादों को पूरा कर चुकी है । बचे हुए वादे भी जल्द पूरे किया जाएंगे , नक्सलियों पर अंकुश लगाने का काम चल रहा है । बस्तर और सरगुजा जैसे पिछले इलाकों में विकास पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है । बीते 1 साल में सरकार की योजनाओं के क्रियान्वयन में चार गुना तेजी आई है , पीएम आवास का कार्य लगभग रुका हुआ था , जल जीवन का कार्य कछुआ गति से चल रहा था । दोनों अब तीव्र गति से किया जा रहे हैं जिसका अंतर अब लोगों को दिखाने लगा है । मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ ने शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास, पेयजल जैसी आधारभूत सुविधाओं में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल हो रही है । सरकार की प्रधानमंत्री आवास , लोकतंत्र सेनानियों की पेंशन बहाली , कृषक उन्नति योजना, एक पेड़ मां के नाम, न्यौता भोज, महतारी वंदन योजना, तेंदूपत्ता संग्राहकों की पारिश्रमिक वृद्धि, राजिम कुंभ, रामलला दर्शन योजना, नई औद्योगिक नीति , छत्तीसगढ़ और सुशासन 1 साल छत्तीसगढ़ होगा खुशहाल के तहत कार्य किया जा रहा है।

### उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने गुरुघासी दास बाबा की जयंती पर प्रदेशवासियों को दी बधाई

रायपुर, 19 दिसंबर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने गुरु घासीदास बाबा जी की जयंती के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि संत गुरू घासीदास बाबा का अवतरण दिवस विश्व के समाज के लिए पावन दिवस के रूप में मान्य है । गुरु घासीदास बाबा का सामाजिक समरसता का आदर्श आज समाज के लिए अनमोल धरोहर है । विजय शर्मा ने आगे कहा कि गुरु घासीदास बाबा के द्वारा स्थापित किए गए मूल्यों को अपनाकर हम एक प्रगतिशील और समृद्ध समाज की दिशा में कदम बढ़ा सकते हैं। संत गुरु घासीदास बाबा ने अपने जीवन में हमेशा सत्य, अहिंसा, समानता और सामाजिक सद्भाव की अहमियत को माना। उनके द्वारा बताए गए रास्ते पर चलकर हम एक समृद्ध और संतुलित समाज की स्थापना कर सकते हैं। उनकी शिक्षाओं का पालन करके हम सामाजिक कुरीतियों से मुक्ति पा सकते हैं और हर वर्ग के बीच भाईचारे की भावना को मजबूत कर सकते हैं। विजय शर्मा ने आगे कहा कि गुरु घासीदास बाबा का जीवन धार्मिक और सांस्कृतिक समरसता का प्रतीक है। उन्होंने समाज में व्याप्त छुआछूत और भेदभाव को समाप्त करने के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित किया। आज के दिन हमें बाबा के आदर्शों से प्रेरणा लेकर समाज में व्याप्त नफरत और भेदभाव को समाप्त करने का संकल्प लेना चाहिए।

विजय शर्मा जी ने प्रदेशवासियों से अपील की कि वे इस पवित्र दिवस के अवसर पर अपने हृदय में गुरु बाबा के आदर्शो को और अधिक मजबूत करें और अपने आसपास के वातावरण को प्रेम, सौहार्द और समरसता से भरने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णुदेव जी की सरकार भी बाबा के आदर्शों को ध्यान में रखते हुए हर क्षेत्र में सामाजिक और सांस्कृतिक विकास के लिए निरंतर प्रयासरत है।

### 27 प्रतिशत वेतनवृद्धि ग्रेड पे एवं 18 सूत्रीय मांगों को लेकर एनएचएम कर्मचारी संघ शासन को सौंपेंगा ज्ञापन

रायपुर, 19 दिसम्बर (आरएनएस)। छग प्रदेश एनएचएम कर्मचारी संघ 27 प्रतिशत वेतनवृद्धि ग्रेड पे एवं 18 सूत्रीय मांगों को लेकर पूर्व में शासन के तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल स्वास्थ्य मंत्री सचिव स्वास्थ्य विभाग एवं वर्तमान सरकार के वित्तमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री को 50 से अधिक बार ज्ञापन सौंपने के उपरांत भी मांग पूरी नहीं की गई है। उक्त जानकारी प्रेस क्लब रायपुर में आयोजित पत्रकारवार्ता में डॉ. अमित कुमार मिरी प्रांताध्यक्ष ने देते हुए बताया कि प्रदेश में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत वर्तमान समय में 16 हजार कर्मचारी काम कर रहे हैं। 60 प्रतिशत वेतन की राशि केंद्रीय मंत्रालय से एवं 40 प्रतिशत राशि राज्य शासन से प्राप्त होती है। अन्य राज्यों में जैसे मप्र मणीपुर आदि में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के कर्मचारियों की मांगें पूर्ण की गई है किंतु छत्तीसगढ़ शासन द्वारा अब तक मांगों की दिशा में कोई कार्रवाई नहीं की गई है। प्रदेश के एनएचएम कर्मचारी संघ 25 दिसंबर को जिला मुख्यालयों के अटल चौकों में ज्ञापन के माध्यम से अपनी मांगों के प्रति जनता का ध्यान आकृष्ट करेंगे। मांगें पूर्ण नहीं होने की स्थिति में मजबूरन आपातकालीन सेवा में बाधा उत्पन्न कर उग्र प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने मुख्यमंत्री से आग्रह किया है कि विधान सभा के शीतकालीन सत्र में उनकी मांगों पर सहानुभूति पूर्वक विचार कर पूर्ण किया जाए।

# एसपी ने बदमाश की बर्थडे पार्टी में शामिल होने वाले कांस्टेबल को किया निलंबित

रायपुर, 19 दिसम्बर (आरएनएस)। राजधानी के मौदहापारा थाना क्षेत्र में आदतन बदमाश साहिल रक्सेल की बर्थडे पार्टी में वर्दी में शामिल होने वाले मौदहापारा थाना में पदस्थ पुलिस कांस्टेबल को एसपी ने तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। बता दें कि इस मामले का विडियों सोशल मीडिया में वायरल हुआ था। जिसके बाद एसपी ने उक्त कार्यवाही की है।

बता दें कि मामला मौदहापारा थाना क्षेत्र का है। जहां पिछले दिनों सड़क पर साहिल रक्सेल नामक बदमाश अपने दोस्तों के साथ सड़क पर जन्मदिन मना रहा था। इस बर्थ डे पार्टी का उसके दोस्तों ने बकायदा रील बनाकर इंस्टाग्राम पर अपलोड भी किया। जिसमें देखा जा सकता है कि शातिर बदमाश साहिल रक्सेल धारदार चाकू से केक काटने के बाद चाकू से ही अपने दोस्तों को केक खिला रहा है। इसी वीडियों में मौदहापारा थाना में पदस्थ आरक्षक निसार खान वर्दी में उक्त





बर्थ डे पार्टी में शामिल होने पहुंचता है। पुलिस आरक्षक को भी बदमाश साहिल रक्सेल चाकू से केक खिलाते हुए वीडियों में नजर आ रहा है। इसके बाद हाथ में चाकू लेकर लहराते हुए पुलिस जवान के सामने ही गाने पर डांस करने लगता हैं। जिसके बाद बकायदा पुलिस कांस्टेबल शातिर बदमाश के इस कृत्य पर आपत्ति जताने के बजाये उसे गले लगाकर गाल को चुमते हुए नजर आता है। पुलिस कांस्टेबल और शातिर बदमाश की इस दोस्ती का वीडियों सोशल मीडिया में वायरल होने के बाद पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया था। इधर रायपुर पुलिस की कमान संभालते ही एसपी लाल उमेंद सिंह ने इस घटना को


### कटोरा तालाब में आयोजित 'खुशहाल एक साल' इवेंट में युवाओं का दिखा उत्साह

**मनोरंजन के साथ साथ छत्तीसगढ़ की जनकल्याणकारी योजनाओं से जुड़ी जानकारी युवाओं को कर रही आकर्षित**

रायपुर, 19 दिसंबर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की सरकार की टैगलाइन , उनका गृह ग्राम और विधानसभा क्षेत्र ,महतारी वंदन योजना की पात्रता और मिलने वाली राशि , छत्तीसगढ़ी में सब्जी - भाजी , फलों के नाम , यहाँ बोले जाने वाली बोली और भाषा , विमान सेवाओं की रीजनल कनेक्टिविटी, यह ऐसे सवाल थे जो युवाओं के बीच खुशहाल एक साल इवेंट आयोजन के दौरान चर्चा का विषय रहे । छत्तीसगढ़ जनसंपर्क विभाग द्वारा खुशहाल एक साल नामक इवेंट का तीसरा सफल आयोजन कटोरा तालाब के उद्यान में किया गया । यहाँ उद्यान में भ्रमण करने आए युवा और बच्चों ने जब खुशहाल एक साल इवेंट में भाग लिया तो सरकार की उपलब्धियों को तो जाना ही, उससे जुड़े प्रश्नों का उत्तर भी उत्साहपूर्वक दिया । इसके एवज में उन्हें उद्यान के ही रेस्टोरेंट्स के गिफ्ट वाउचर और बिहान के आकर्षक सामान उपहार स्वरूप मिले । खुशहाल एक साल इवेंट के ज़रिए छत्तीसगढ़ सरकार की पिछले एक साल की उपलब्धियों और योजनाओं को युवाओं के मध्य पहुंचाया जा रहा है।मनोरंजन ,खेल , क्विज के माध्यम से लोगों को शासन की योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। सही उत्तर देने पर उन्हें आकर्षक गिफ्ट वाउचर्स , उपहार भी दिए जा रहे हैं । खुशहाल एक साल इवेंट के सिलसिले को आगे बढ़ाते हुए जनसंपर्क विभाग द्वारा आज 19 दिसंबर गुरुवार की शाम साढ़े छह बजे से साइंस कॉलेज के सामने स्थित चौपाटी में चौथा आयोजन किया जाएगा ।

# लिफ्ट देकर लूट की घटना को अंजाम देने वाला आरोपी गिरफ्तार किया गया

रायपुर, 19 दिसंबर (आरएनएस)। प्रार्थी गौरव महेश्वरी ने थाना विधानसभा में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह वृन्दावन सोसायटी सड्डू में रहता तथा अम्बुजा सिटी सेन्टर स्थित एक कंपनी में नौकरी करता है। प्रार्थी दिनांक 16.11.2024 को रात 10:45 बजे अम्बुजा माल से अपने घर पैदल जा रहा था, कि साइंस सेन्टर पुल के पास पहुंचा था तभी एक व्यक्ति ने उसे लिफ्ट देकर अपने स्कुटर में बिठाया और जबरदस्ती उसे झाडी तरफ ले जाने लगा। जिस पर प्रार्थी स्कूटर से कूद गया, तो वह व्यक्ति प्रार्थी को चाकू दिखाकर जान से मारने की धमकी देते हुये, जेब में रखे पैसा निकाल कर दे बोला तो प्रार्थी बोला कि मेरे पास पैसे नहीं है, तब वह उसके जेब में एटीएम कार्ड देखकर बोला कि चल एटीएम से पैसा निकालकर दे नहीं तो मै चाकू मार दूंगा, कि प्रार्थी डरकर उसके साथ दलदल सिवनी स्थित एटीएम गया और एटीएम से 4500/-रूपये निकालकर दिया तब वह व्यक्ति और रकम निकालने के लिये दबाव डाल रहा था लेकिन प्रार्थी के खाते में सिर्फ 4500/-रूपये ही था इसलिए उसको उतना ही रूपये दिया उसके बाद वह व्यक्ति प्रार्थी को



वहीं छोडकर भाग गया। प्रार्थी की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध थाना विधानसभा में अपराध क्रमांक 719/24 धारा 308(5) बी.एन.एस. का अपराध पंजीबद्ध किया गया। घटना को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उम्मेद सिंह द्वारा गंभीरता से लेते हुये अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण कीर्तन राठौर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक क्राईम संदीप मित्तल, नगर पुलिस अधीक्षक विधानसभा केशरी नंदन नायक, प्रभारी एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना प्रभारी विधानसभा को अज्ञात आरोपी की पतासाजी कर जल्द से जल्द गिरफ्तार करने निर्देशित किया गया। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना विधानसभा पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा घटना के संबंध में प्रार्थी से विस्तृत पूछताछ कर अज्ञात आरोपी की पतासाजी करना प्रारंभ किया गया। टीम के सदस्यों द्वारा घटना स्थल व उसके आसपास लगे सी.सी.टी.व्ही. कैमरों के फुटेजों का अवलोकन करने के साथ ही एटीएम बूथ में लगे सी.सी.टी.व्ही. कैमरों के फुटेजों को भी खंगाला गया। आरोपी द्वारा उपयोग किये गये वाहन के संबंध में भी जानकारी एकत्र कर अज्ञात आरोपी की पतासाजी कर चिन्हांकित करने के प्रयास किये जा रहे थे। इसी दौरान अज्ञात आरोपी की गिरफ्तारी में लगी टीम के सदस्यों को आरोपी के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई तथा आरोपी की पहचान सिविल लाईन रायपुर निवासी हरीश निहाल के रूप में की गई। टीम के सदस्यों द्वारा आरोपी हरीश निहाल की पतासाजी कर उसे पकड़ा गया, प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा उक्त घटना को अंजाम देना बताया गया।

जिस पर आरोपी हरीश निहाल को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से लूट की नगदी

# नशेड़ी वाहन चालकों के विरूद्ध हुई कार्यवाही




रायपुर, 19 दिसंबर (आरएनएस)। नशे की हालत में वाहन चलाकर स्वयं तथा दूसरों की जान को जोखिम में डालने वाले तथा शहर के सुगम सुरक्षित यातायात व्यवस्था में व्यवधान उत्पन्न करने वाले नशेड़ी वाहन चालकों के विरूद्ध यातायात पुलिस रायपुर की कड़ी कार्यवाही जारी है। वर्ष 2024 में 16 दिसम्बर तक लगभग 1900 नशेड़ी वाहन चालकों के विरूद्ध कार्यवाही कर प्रकरण निराकरण हेतु माननीय न्यायालय पेश किया जा चुका है। विगत वर्ष 2023 में भी 700 से अधिक नशेड़ी वाहन चालकों पर कार्यवाही की गयी थी । इस अनुसार विगत वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष दोगुनी नशेड़ी वाहन चालकों के विरूद्ध कार्यवाही की जा चुकी है। कार्यवाही लगातार जारी है। बता दें कि सड़क दुर्घटनाओं के प्रकरणों का विश्लेषण करने पर अधिकांश दुर्घटना वाहन चालक द्वारा नशे की हालत में वाहन चलाने से होना पाया गया। सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं नियंत्रण हेतु यातायात पुलिस रायपुर द्वारा लगातार नशे के विरूद्ध निजात अभियान चलाकर युवाओं को नशे से दूर रहने जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, साथ ही नशेड़ी वाहन चालकों पर प्रभावी कार्यवाही हेतु रात्रि 09 से 12 बजे तक शहर के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में विशेष चेकिंग अभियान चलाकर ब्रीथ एनालाईजर मशीन की सहायता से नशेड़ी वाहन चालकों के की पहचान कर उनके विरूद्ध कार्यवाही कर प्रकरण निराकरण के लिए माननीय न्यायालय भेजा गया जहॉ माननीय न्यायालय द्वारा प्रत्येक नशेड़ी वाहन चालक के विरूद्ध 10,000 (दस हजार रूपये) का भारी भरकम जुर्माना से दण्डित किया गया है।

# मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने रायपुर-अंबिकापुर-बिलासपुर हवाई सेवा का स्वामी विवेकानंद विमानतल पर किया शुभारंभ

रायपुर, 19 दिसंबर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने रायपुर-अंबिकापुर-बिलासपुर हवाई सेवा का स्वामी विवेकानंद विमानतल पर आज शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस अवसर पर कहा कि आज छत्तीसगढ़ के विकास की दिशा में एक और ऐतिहासिक कदम उठाया गया है।रायपुर-अंबिकापुर-बिलासपुर विमान सेवा का शुभारंभ हमारे क्षेत्रीय कनेक्टिविटी के विस्तार का प्रतीक है। इस सेवा का आरंभिक किराया मात्र 999 रुपये है, जो यह सुनिश्चित करता है कि आम जनता भी हवाई यात्रा का लाभ उठा सके। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में देश में जो परिवर्तन आया है, उसका यह एक बड़ा उदाहरण है। उन्होंने कहा था कि हवाई चप्पल पहनने वाला भी हवाई जहाज की सवारी करेगा और आज वह सपना साकार हो रहा है। सरगुजा और बस्तर



जैसे दूरस्थ क्षेत्रों की एयर कनेक्टिविटी से न केवल नागरिकों को सुविधाएं मिलेंगी, बल्कि इन क्षेत्रों में टूरिज्म और आर्थिक गतिविधियों में भी वृद्धि होगी। राज्य सरकार ने 80 करोड़ की लागत से अंबिकापुर के एयरपोर्ट का विकास किया है द्य माँ महामाया एयरपोर्ट, अंबिकापुर को थ्री सी वीएफआर श्रेणी का लाइसेंस प्राप्त हुआ है । यह एयरपोर्ट 72-सीटर एटीआर-72 विमानों के संचालन के लिए उपयुक्त है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि अंबिकापुर को वाराणसी, प्रयागराज, लखनऊ, दिल्ली और कोलकाता से जोड़ने की योजना पर भी काम जारी है।हमारे छत्तीसगढ़ में प्राकृतिक सुंदरता, ऐतिहासिक धरोहरें, और इको-टूरिज्म की अपार संभावनाएं हैं।

गुरु घासीदास टाइगर रिजर्व, रामगढ़ की पहाड़ियां, और एशिया का नियाग्रा कहे जाने वाले चित्रकोट जलप्रपात जैसे स्थलों तक अब देश-विदेश के पर्यटकों की पहुंच आसान होगी। इसके साथ ही, एयर कनेक्टिविटी के विस्तार से निवेश का माहौल भी बेहतर होगा। हमारी सरकार ने नई उद्योग नीति में होम स्टे और रिसॉर्ट्स जैसे उद्यमों को विशेष प्रोत्साहन दिया है, जिससे स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के बड़े अवसर पैदा हो रहे हैं। हमारी कोशिश है कि अगले चार वर्षों में छत्तीसगढ़ को विमानन के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों तक ले जाया जाए।

**स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक प्रेमेन्द्र अग्रवाल** द्वारा अस्मा पब्लिशर्स इण्डिया प्राईवेट लि.,जयस्तंभ चौक, रायपुर से मुद्रित कर तथा 5/756 रामसागरपारा, सिंधी स्कूल के पीछे, स्टेशनरी हाऊस, रायपुर 492001 (छ.ग.) से प्रकाशित। **संपादक प्रेमेन्द्र अग्रवाल ।**
www.lokshakti.in, lokshaktidaily@gmail.com, twitter.com/lokshaktidaily, facebook.com/lokshaktidaily **कार्यकारी संपादक : राजेश अग्रवाल** (किसी भी विवाद पर न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा)